

रांची, शनिवार, 14 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 10 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने से जोड़ती है मातृभाष

युवराज हेजल कीज का किरदान निभाने के लिए किया गया फातिमा सना को अप्रोच◂◂ 6


# उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में शामिल एक और अभ्यर्थी की मौत

▸▸ दौड़ पूरी करने के बाद बिगड़ गयी थी सूर्या की तबीयत ▸▸ जमशेदपुर के रहने वाले सूर्या ने आज सुबह रिम्स में अंतिम सांस ली



मेट्रो रेज

**रांची:** राज्य में उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया में भाग ले रहे एक और अभ्यर्थी की मौत हो गई है। जमशेदपुर के बमामाईंस के रहने वाले मुरामुल्ला सूर्या की मौत राँची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सूर्या की मौत आज शनिवार की सुबह 5 बजे के आस पास हुई। सूर्या बहाली प्रक्रिया के दौरान गंभीर रूप से बीमार हुआ था। जिसके बाद दो दिन पूर्व उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया था।

शुक्रवार को भर्ती हुआ था सूर्याः जमशेदपुर के वर्मा माइंस का रहने वाला सूर्या रांची में चल रहे उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आया हुआ था। शुक्रवार को बहाली प्रक्रिया के दौरान ही वह मैदान में बेहोश होकर गिर गया था, जिसके बाद उसे रिम्स में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था। मिली जानकारी के अनुसार सूर्य की मौत ब्रेन स्ट्रोक होने की वजह से हुई है। हालांकि इसके आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। झारखण्ड में उत्पाद सिपाही भर्ती के दौड़ के दौरान अब तक 13 अभ्यर्थियों की मौत हुई थी, सूर्या की मौत के बाद यह आंकड़ा अब 14 हो गया है।

22 अगस्त से शुरू हुई थी भर्ती प्रक्रियाः 22 अगस्त से राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए दौड़ की प्रक्रिया शुरू की गई थी। राज्य भर में दौड़ के लिए सात केंद्र बनाए गए थे। जिनमे स्मार्ट सिटी क्षेत्र रांची, जगुआर टेंडर ग्राम रांची, पुलिस लाइन गिरिडीह, पलामू के चियांकि हवाई, सीटीसी मुसाबनी, जैप 9 कैम्पस मुख्यालय साहिबगंज में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन अचानक भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की मौत होने लगी इसके बाद सरकार ने भारी दबाव के बीच भर्ती की प्रक्रिया बीच में ही रोक दी।

**दोबारा 10 सितंबर से शुरू हुई थी भर्ती प्रक्रियाः** उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया 10 सितंबर से दोबारा शुरू की गई । जिसके बाद सूर्या की मौत हुई है। सरकार की तरफ से 10 से लेकर 21 सितंबर तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करना। झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा इस संबंध में कुछ आवश्यक निर्देश भी जारी किए थे।

**कब - कब होगी बहाली प्रक्रियाः** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा दोबारा 10 सितंबर से शुरू हुई थी। बहाली की प्रक्रिया 10 सितंबर, 11 सितंबर, 12 सितंबर ,13 सितंबर ,19 सितंबर, 20 सितंबर और 21 सितंबर को आयोजित है। अब तीन दिनों की बहाली प्रक्रिया शेष है।

## सीएम हेमंत ने झारखंड वासियों को दी प्रकृति पूर्व करमा की बधाई



मेट्रो रेज

**रांची :** प्रकृति पर्व करम (करमा) भाद्र मास की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस बार करम पूजा आज 14 सितंबर को होगा। इस दिन बहनें अपनी भाईयों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखेंगी। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों को बधाई दी है। सीएम हेमंत ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि प्रकृति पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार! प्रकृति के साथ मानव जीवन की एकरूपता और भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं सम्मान को दशार्ता है। यह पावन पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए, आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं। जय जोहार! करम जोहार!

## जमीन विवाद : परिवार के सदस्यों को पिलाया जहर मिला दूध, 13 की मौत

**कराची :** पाकिस्तान के सिंध प्रांत से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां 13 लोगों को जहर देकर मार दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद के चलते एक ही परिवार के लोगों को जहर मिला दूध पला दिया गया। इससे उस परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में हुई। पीड़ितों की पहचान गुल बेग ब्रोही, उनकी पत्नी, पांच बेटे, तीन बेटियां और तीन अन्य रिश्तेदारों के रूप में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ करीबी रिश्तेदारों ने आशंका जताई थी कि पीड़ितों को जहर दिया गया होगा, क्योंकि परिवार के मुखिया का कुछ लोगों के साथ जमीन का विवाद था। लैब में जांच से पता चला है कि जिस दिन परिवार के सदस्यों की मौत हुई, उस दिन उन्होंने जो दूध पिया था, उसमें जहरीला पदार्थ था। उसने बताया कि रिपोर्ट में मृतकों के शरीर में जहरीले पदार्थ की मौजूदगी की भी पुष्टि हुई है। इस घटना से पाकिस्तान पुलिस भी हैरान है। खैरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ.समीउल्लाह सूमरो ने कहा कि पुलिस मामले की हर कोण से जांच कर रही है।

## फूल तोड़ने गयी दो सगी बहनों की तालाब में डूबकर मौत

**जमुई :** बिहार के जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद खबर है, जहां आज सुबह तालाब में डूबकर दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर एक साथ दो-दो बेटियों की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। आसपास के इलाके में मातम का माहौल है।

**क्या है मामलाः** जानकारी के अनुसार, काला पत्थर गांव निवासी राजो साव की पुत्री चंचल कुमारी (16) और सिमरन कुमारी (10) करमा पर्व को लेकर फूल तोड़ने तालाब के किनारे गई हुई थी। इसी दौरान एक बहन तालाब में डूबने लगी, जिसे बचाने की दूसरी बहन ने कोशिश की। लेकिन वह भी गहरे पानी में डूब गई। स्थानीय लोगों ने दोनों बहनों को तालाब से बाहर निकाला और उन्हें सदर अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने दोनो बहनों को मृत घोषित कर दिया।

## मध्याह्न भोजन में मिला मृत गिरगिट , 65 छात्र बीमार

**दुमकाः** जिले में मध्याह्न भोजन खाने के बाद एक सरकारी स्कूल के कम से कम 65 छात्र बीमार हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भोजन में कथित तौर पर एक मृत गिरगिट पाया गया। यह घटना टोंगरा क्षेत्र के एक स्कूल में घटी। प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अजफर हुसैन ने बताया कि भोजन खाने के बाद छात्रों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें मसलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## जम्मू-कश्मीर में दो जगह मुठभेड़, बारामूला में तीन आतंकी ढेर

किश्तवाड़ में कल 2 जवान शहीद हुए थे, सेना और पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन जारी



**श्रीनगरः** आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना ने बड़े ऑपरेशन पर कामयाबी पाई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में चल रही मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को ढेर किया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। शुक्रवार देर रात चक टापर क्रेरी पट्टन तिलवानी मोहल्ले में गोलीबारी शुरू हो गई, जब संयुक्त बलों की एक टीम ने एक खाली इमारत में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बल संदिग्ध स्थान पर पहुंचे, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। चल रहे ऑपरेशन में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और समूह संबद्धता का तत्काल पता नहीं चला है। हालांकि सूत्रों ने कहा कि तीनों के विदेशी होने का संदेह है। बता दें कि शुक्रवार को जम्मू क्षेत्र के किश्तवाड़ जिला के चटरू इलाके में मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो गए थे और दो अन्य घायल हुए थे।

# डोडा में पीएम ने किया शांति सुरक्षा और समृद्धि का वादा

जम्मू- कश्मीर में इस बार का चुनाव तीन खानदानों और यहां के नौजवानों के बीच




**जम्मूः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार के तहत रैली को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के डोडा पहुंचे। मोदी ने डोडा में चुनावी रैली में कहा कि तिगुनी मेहनत करेंगे, जम्मू-कश्मीर को साथ मिलकर समृद्ध बनाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। राजनीतिक वंशों ने अपने बच्चों को आगे बढ़ाया, नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया। साल 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद हमने जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। नए नेतृत्व और कांग्रेस, पीडीपी तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस के वंशवाद के बीच लड़ाई है; इन वंशों ने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि इतनी पीढ़ियां गुजरने के बाद उनको भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। आज ऐसे अनेक साथी हैं, जिनको पहली बार वोट डालने का हक मिला है। भारत का संविधान हर किसी को वोट का अधिकार देता है। लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार देता है। आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। ये दिखावा ये अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए कर रहे हैं। हकीकत क्या है, ये जम्मू कश्मीर का बच्चा-बच्चा जानता है। इन लोगों ने बाबा साहेब के बनाए संविधान की आत्मा को नोच दिया था। वरना क्या कारण था कि हमारे जम्मू कश्मीर में दो संविधान चलते थे। क्यों यहां के लोगों को वो हक नहीं मिलता था, जो बाकी देश में मिलता था। क्या कारण है कि यहां हमारे पहाड़ी भाई-बहनों को इतने वर्षों आरक्षण नहीं मिला।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में ये **SC/ST** और **OBC** का नाम तक नहीं लेते थे।लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार छीन लिया था।कांग्रेस की सोच और नीयत क्या है, ये उनके अध्यक्ष की बातों से भी साफ हो जाता है। वो यहां आकर कहते हैं कि 'अगर हमें 20 सीटें ज्यादा आती, तो मोदी सहित भाजपा के सभी नेता जेल में होते'। क्या यही एक एजेंडा है इनका? जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव। तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। एक खानदान,कांग्रेस का है। एक खानदान, नेशनल कॉन्फ्रेंस का है, एक खानदान, पीडीपी का है। जम्मू-कश्मीर में इन तीन खानदानों ने मिलकर आप लोगों के साथ जो किया है। वो किसी पाप से कम नहीं है।

डोडा में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है। जम्मू-कश्मीर के बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं,भाजपा ने इसके लिए प्रेमनाथ डोगरा योजना की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं,भाजपा ने इसके लिए प्रेमनाथ डोगरा योजना की घोषणा की है। भाजपा जम्मू-कश्मीर को विकसित और आतंक मुक्त बनाना चाहती है। भाजपा का संकल्प और आपका साथ ही शांत, सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर बनाएगा। इसलिए आपको 18 सिंतबर को भाजपा के सभी उम्मीदवारों को भारी बहुमत बसे जीताकर विधानसभा भेजना है। नया जम्मू-कश्मीर विकास की नई गाथा लिख रहा है। डोडा में उमड़ा ये जनसमूह साफ बता रहा है कि लोकतंत्र यहां के लोगों की रगों में है। भाजपा को आशीर्वाद देने आए सभी परिवारजनों को मेरा कोटि-कोटि प्रणाम।

न्यूज ब्रीफ



## जेएसएसपीएस की बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा का किया गया भव्य स्वागत

**रांची:** अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 27 अगस्त से 10 सितम्बर तक एसबीबसी जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस ) की बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा 54 किलो वर्ग में रजत पदक जीत कर लौटी है। आज एसएसपीएस खेल अकादमी, खेल गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया है। अमीषा सिमडेगा के एक गाँव पैकपारा की रहने वाली है और पिता दिलीप केरकेट्टा किसान है। अमीषा के साथ- साथ प्रशिक्षक एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कैप्टन बीबी मोहंती को एसएसपीएस, एलएमसी के सदस्यगण, विभिन्न खेलो के प्रशिक्षकगण एवं अन्य अतिथिगण द्वारा स्वागत किया गया। एसएसपीएस जिसे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखण्ड राज्य सरकार का संयुक्त रूप से संचालन किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। वर्तमान में एसएसपीएस खेल अकादमी में कुल 286 प्रशिक्षु हैं जिन्हें कुल 11 खेल विधाओं जैसे वेटलिफ्टिंग, साइकिलिंग , मुक्केबाजी,कुश्ती आदि में निपुण प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

## दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण 16 से

**मुरी :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली रांची में 16 सितंबर से 10 अक्टूबर दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण तथा 18 से सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती (वागवानीसखी) प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है । ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार युवक एंव महिला जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर बकरी पालन तथा सब्जी खेती एवं वागवानी मे अपना आजीविका बढ़ाना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड आदि डाक्यूमेंट की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क नंबर 9523381187,7820953480, 9308544400,7370885508 ।

## सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 14 मजदूर लौटे घर



**रांची :** सऊदी अरब में पिछले कई महीनों से फंसे झारखंड के 45 मजदूरों में से 14 की घर वापसी हो गई है। बाकी 31 मजदूरों की वापसी का प्रयास जारी है। ये सभी लोग हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के रहने वाले हैं। इन्हें केरल के एजेंटों ने अलग-अलग कंपनियों में मजदूरी के लिए भेजा था। मजदूरों से वहां कठिन परिस्थितियों में न सिर्फ जबरन काम कराया जा रहा है, बल्कि ज्यादातर की कई महीनों की मजदूरी भी बकाया है। झारखंड सरकार के श्रम विभाग के आग्रह पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप से मजदूरों की वापसी के प्रयास चल रहे हैं। पहली खेप में वापस आए 14 मजदूरों ने बताया कि उन्हें केरल निवासी एजेंट आरएस पांडियन एवं एलके स्वामी ने सऊदी अरब भेजा था। वहां रोजगार दिलाने के एवज में हर मजदूर से 55 हजार रुपये लिए गए थे। 11 मई 2023 को वे साऊदी रवाना हुए, लेकिन उन्हें वहां कठिन परिस्थितियों वाले काम में लगा दिया गया। सैलरी भी वादे के अनुसार नहीं दी गई। सऊदी अरब पहुंचने पर कंपनी के लोगों ने इनका पासपोर्ट जब्त कर लिया।

### अवैध घुसपैठ पर जेएमएम का बीजेपी पर पलटवार

# झारखंड में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही: सुप्रियो भट्टाचार्य

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावों के कारण 'सांप्रदायिक जनसांख्यिकी' के बारे में बात कर रही है। राज्य में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है।



भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने कल हमारे राज्य में घुसपैठ को लेकर हाईकोर्ट में चल रहे मामले में एक हलफनामा दायर किया है। हमने उस हलफनामे को भी पढ़ा है। अगली सुनवाई से पहले बीजेपी का बयान आया कि जनसांख्यिकी बदल गई है, बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है। भट्टाचार्य ने कहा, 'भारत सरकार और उनके अधिकारियों ने कहीं भी उल्लेख नहीं किया है कि संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी लोग आ रहे हैं और रह रहे हैं, उस हलफनामे में जनगणना 2011 को आधार बनाया गया है।' भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र ने हलफनामा दायर कर झारखंड में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की मौजूदगी स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा, 'झारखंड में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। क्योंकि चुनाव आ रहे हैं, बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए सांप्रदायिक जनसांख्यिकी की बात की जा रही है। यह कैसा खेल चल रहा है, इसमें अदालत को क्यों लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में जो चल रहा है, उस पर पार्टी कार्यालय में चर्चा हो रही है।'

बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने जुलाई 2024 में राज्य सरकार को संथाल परगना क्षेत्र के माध्यम से घुसपैठ करने वाले अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

झारखंड में इस साल के अंत में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने वाला है, क्योंकि वर्तमान सरकार का कार्यकाल 2024 में समाप्त हो रहा है। हालांकि, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने अभी तक तारीखों की घोषणा नहीं की है।

## पुलिसकर्मियों के लंबित सभी भत्ते यथाशीघ्र लागू किये जायेंगे: मुख्यमंत्री



मेट्रो रेज

**रांची:** पुलिसकर्मियों के लंबित सभी भत्ते को यथाशीघ्र लागू करने की बात सीएम हेमंत सोरेन ने कही है। सीएम से झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष और महामंत्री ने मुलाकात की। इस दौरान राज्य के पुलिसकर्मियों को वर्दी भत्ता, राशन भत्ता,वाहन भत्ता और अन्य भत्तों को केन्द्रीय सरकार और पड़ोसी राज्य बिहार सरकार के तर्ज पर पुनरीक्षित दर से लागू करने के लिए अनुरोध किया गया।

**करमा पूजा में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित :** एसोसिएशन ने करमा पूजा के अवसर पर पुलिस केन्द्र रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया । हेमंत सोरेन ने उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिसकर्मियों के लंबित सभी भत्ते मेरे संज्ञान में है। मैं पुलिसकर्मियों के लंबित सभी भत्ते को यथाशीघ्र पुनरीक्षित दर से लागू कर दूंगा।

## सरला बिरला विवि में करम परब पर कार्यक्रम



**रांची:** सरला बिरला विश्वविद्यालय में करमा पूजा के अवसर पर करम परब 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसबीयू के महानिदेशक प्रो। गोपाल पाठक ने इस अवसर पर कहा कि करम पेड़ को समृद्धि और शक्ति का सूचक है। उन्होंने आदिवासी समाज की समूहिकता और एकता से सभी को सीख लेने की सलाह दी। विवि के माननीय प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन ने प्रकृति की रक्षा से जुड़े कुछ हालिया उदाहरणों का जिक्र करते हुए लोगों से प्रकृति संरक्षण पर जोर देने को कहा। कुलसचिव प्रो वीके सिंह ने करम परब से पर्यावरण की रक्षा करने की शिक्षा मिलने की बात कही। नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ। सुभानी बाड़ा ने सिंधु घाटी सभ्यता से आदिवासियों के जुड़ाव की चर्चा करते हुए करमा और धरमा के पौराणिक कथा को सुनाया। इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## आरकेडीएफ विवि में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

**रांची:** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में मानविकी संकाय के हिंदी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसके तहत विद्यार्थियों के बीच कहानी पाठ, काव्य पाठ, स्लोगन लेखन, प्रश्नोंतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं विश्वविद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ,गीत,भाषण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए ।कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति महोदय एवं प्राध्यापक - प्राध्यापिकाओं द्वारा दीप प्रज्जवलन छात्र -छात्राओं द्वारा



स्वागत गीत एवं कुलपति महोदय को पौधा भेंट कर की गई। इस समारोह में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ललिता कुमारी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया । कुलपति महोदय डॉ सूचितांग्शू चटर्जी ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी भाषा जन-जन की भाषा है इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी वर्तमान युवा पीढ़ी के साथ-साथ हम सबकी होनी चाहिए । कुलसचिव महोदय डॉ अमित कुमार पांडे ने कहा कि हिंदी हमारी सभ्यता और संस्कृति को जोड़ती है इसे सिर्फ मनाना ही काफी नहीं है इसे अपने जीवन में शामिल करना आवश्यक है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक - प्राध्यापिकाएं एवं छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

## करम परब की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी-सह सांस्कृतिक कार्यक्रम

> **सभी अतिथि ने करम पर्व की महता के संबंध में अपना वक्तव्य रखा। निदेशक आसिफ ने करम परब की सभी को शुभकामनाएं दी गई और कहा कि प्राकृतिक पर्व करम परब के मूल उद्देश्य को आज भी प्रासंगिक हैं।**

**रांची:** झारखंड के कला संस्कृति निदेशालय द्वारा शुक्रवार को अरगोड़ा मैदान में करम परब की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी-सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ कला संस्कृति विभाग के निदेशक आसिफ एकराम द्वारा राज्य के वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री मुकुन्द नायक, पद्श्री मधु मंसुरी हंसमुख, महावीर नायक, मनपूरन नायक, देवदास विश्वकर्मा, राकेश रमन, डॉ शकुंतला मिश्र, राजकुमार नागवंशी के साथ सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। सभी अतिथि ने करम पर्व की महता के संबंध में अपना वक्तव्य रखा। निदेशक आसिफ ने करम परब की सभी को शुभकामनाएं दी गई और कहा कि प्राकृतिक पर्व करम परब के मूल उद्देश्य को आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने यह संकल्प लेने का अनुरोध किया कि प्रकृति की महता को समझते हुए भविष्य की पीढ़ी के लिए सभी को प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों के द्वारा करमा पर्व पर आधारित नागपुरी, मुंडारी, खड़िया, कुडुख, कुरमाली, करसा, खेरवार, संथाली गीत नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां की गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल में कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय दर्शक मौजूद रहे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–सचिन कुमार कच्छप, उम्र–46 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 6 ईंच, पहनावा–पीला रंग का सफेद कमीज एवं नीला रंग का पैंट पहने हुए है

उपरोक्त लापता व्यक्ति सचिन कुमार कच्छप, उम्र– 46 वर्ष, पे0– श्री विष्णु उरॉव, सा0– अशोक प्रस्थ डिबडीह बाई पास रोड, डिबडीह, थाना–डोरण्डा, जिला–रॉंची जो दिनांक– 25.04.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध मे डोरण्डा थाना सनहा संख्या 12/2024 दिनांक– 08.05.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, रॉंची। – 9431706143
थाना प्रभारी डोरण्डा, रॉंची। – 9431706188

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335778 Police (24-25)_D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात महिला का शव उम्र करीब–61 वर्ष ऊँचाई–5 फिट, रंग–सॉवला, ऑख–भूरा, बाल–काला एवं सफेद, शरीर दुबली पतली, पहनावा–लाल रंग का छिटदार साड़ी एवं बैगनी रंग का ब्लॉज दाहिने हाथ में लाल चुड़ी एवं बॉये हाथ में एक लोहे का चुड़ी पहनी हुई।

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव कॉके थाना अन्तर्गत संग्रामपुर रिंग रोड ओवर ब्रिज के पास से बरामद किया गया। जिसके संबंध कॉके थाना काण्ड सं0–247/2024, दिनांक–30.08.2024 धारा–281/106 (1) बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम रॉंची। –9431706141
थाना प्रभारी कॉके ,रॉंची। –9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335799 (Police)24-25*D


## पुराना विधानसभा मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण पर पुलिस ने लगाया रोका

**रांची:** सेक्टर 2 रशियन हॉस्टल के पास स्थित पुराना विधानसभा मैदान में बन रहे दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण पर शुक्रवार को पुलिस ने रोक लगा दिया। यहां श्री रामलला पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा था। पंडाल का निर्माण रोकने से समिति के सदस्यों में रोष है। हटिया विधायक नवीन जयसवाल व रांची विधायक सीपी सिंह ने भी नाराजगी जताई है। पूजा समिति के महासचिव कुणाल आजमानी ने कहा कि मैदान में 13 दिनों से पूजा पंडाल का निर्माण कार्य चल रहा था। जगरनाथपुर थाना पुलिस ने अचानक पहुंचकर पूजा पंडाल का निर्माण कर रहे कारीगरों व मजदूरों को काम बंद करने का आदेश दिया। जबकि यह जगह एचईसी को 8 लाख रुपये देकर भाड़े पर ली गई है। पंडाल निर्माण रोकने के मामले को लेकर शहर की कई पूजा समितियों की बैठक हुई। बैठक में पूजा पंडाल निर्माण से पहले जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित करने की बात कही गई। कुणाल आजमानी ने कहा कि अधिकारियों ने पूजा पंडाल निर्माण को लेकर पहले कोई दिशा-निर्देश



नहीं दिया। अब जब आध पंडाल बन गया है, तो विघ्न डाला जा रहा है।

**पूजा पंडाल बनकर रहेगा :** नवीन जायसवाल बैठक में पहुंचे हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि अब ये पूजा पंडाल बनकर रहेगा। उन्होंने कहा कि बीच शहर में बनने वाले पूजा पंडालों में बहुत भीड़ होती है। इसे देखते हुए शहर के किनारे इस पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पुलिस ने ऊपर का आदेश कह कर पंडाल का निर्माण रोक दिया है। ये ऊपर से आदेश किसका है। सिर्फ तुष्टिकरण के लिए ऐसा किया जा रहा है।

**बिना परमिशन नहीं होगा पंडाल का निर्माण :** थानेदार कुणाल आजमानी ने बताया कि श्री रामलला पूजा समिति के सदस्यों ने इस मुद्दे पर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी से मुलाकात की, तो उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के पंडाल का निर्माण हो रहा था, जिस कारण उसे रोक दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा की वरीय अधिकारियों का आदेश लेकर आने के बाद ही पंडाल का निर्माण शुरू हो सकेगा। ज्ञात हो कि यहां 98 लाख रुपए की लागत से अयोध्या धाम के श्री रामलला मंदिर के प्रारूप का पंडाल बनाया जा रहा है।


**प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, रॉंची**

**–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, डोरण्डा, रॉंची के ऑरकेष्टा ग्रुप के लिए साउण्ड सिस्टम एवं वाद्य यंत्रों के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामानों की सूची हेतु समादेष्टा, झा०स०पु–1, रॉंची के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 05/10/2024 समय 11:00 पूर्वा. तक निश्चित रूप से निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे। निविदा दिनांक 07/10/2024 को संध्या 16:00 बजे समादेश्टा कार्यालय में खोला जायेगा।

नियम एवं शर्ते :–

1.निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का GST Registration एवं GST का अद्यतन प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।
2.आपूर्तिकर्त्ता, सभी सामानों के गारंटी/वारंटी के बारे में भी स्पष्ट लिखेंगे।
2. आपूर्तिकर्त्ता, सामानों का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
4. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन कार्ड की छायाप्रति होना अनिवार्य है।
5.निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।
6. किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार समादेश्टा, झा०स०पु–1 के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
समादेष्टा
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1,रॉंची

PR 335672 (Police)24-25*D

न्यूज ब्रीफ



## अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर नजर आएगी रितिका कुमारी

**रांची:** रिटायर्ड फौजी (भारतीय वायु सेना) खलीशा भोजपुर निवासी मनोज कुमार सिंह की बेटी रितिका कुमारी इस सीजन के कौन बनेगा करोड़पति जिसका प्रसारण 16 सितंबर को सोनी चैनल पर होगा में अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर नजर आएगी।

## करम पर्व का आयोजन



**रांची :** होटल कैपिटल हिल के सभागार मे संध्या 7 बजे से कोसिल ट्रेड ग्रुप ने अपने कोसिल वेल्थ मैनेजमेंट के शुभचिंतकों के संग करम पर्व के पूर्व संध्या पर मांदर के थाप पर थिरकते हुए मनाया करम उत्सव। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुबली पश्चिम बंगाल से आए कोसिल ट्रेड ग्रुप के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सी ई ओ) तपन सील जी थे। कार्यक्रम संयोजक अरुण देव ने कहा कि पिछले 10 वर्ष 2013 से कोसिल ग्रुप वेल्थ मैनेजमेंट चला कर आम उपभोक्ताओं तक पहुंच कर कृतिमान स्थापित करने में सक्षम हुई है। रांची जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कैंसिल वेल्थ मैनेजमेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वित्तीय निवेश करने वाले अनेकों हस्तियों ने अरुण देव जी जैसे जाने माने वित्तीय निवेशक सह सलाहकार के बुलावे पर इस करम उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुआ। अपने स्वागत संबोधन में अरुण देव ने कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन करने का पर्व है कर्म उत्सव, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सी ई ओ तपन सील जी ने अपने प्रथम रांची दौरे पर कहा कि करम पर्व अखाड़ा संस्कृति को बचाने के लिए बहुत जरूरी है और अपने जीवन में करम और धर्म दोनों ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में शामिल अन्य वक्ताओं में दुगल, तपनदीप खान, राघवेंद्र, विजय सिंह , सोनू श्रीवास्तव, संजय, बीरेंद्र साहु, कुणाल कुमार बंटी, जगलाल साहु के अलावा अनेक लोगों ने अपनी बाते रखी। अंत में देर रात तक कार्यक्रम के समापन पर चर्चा करते हुए सी ई ओ तपन सील जी ने कोसील वेल्थ मैनेजमेंट को रांची शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार करने पर विचार विमर्श किया।

# पड़ोसी की छेड़खानी से तंग आकर छात्रा ने कॉलेज जाना छोड़ा

## ■ छात्रा ने दर्ज कराई प्राथमिकी ■ सेवानिवृत सैनिक की पुत्री है छात्रा

मेट्रो रेज



**रांची:** राजधानी रांची के हेसाग में रहने वाले सेवानिवृत्त वायु सैनिक की 18 साल की बेटी ने पड़ोसी की छेड़खानी की वजह से कॉलेज जाना छोड़ दिया है। इस संबंध में छात्रा ने जगन्नाथपुर थाना में 12 सितंबर को पड़ोसी त्रिलोकी महतो और उनके दो पुत्र अरुण महतो व दीपू महतो के विरुद्ध छेड़खानी व अभद्र टिप्पणी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा का आरोप है कि वह जैसे ही अपने घर से बाहर निकलती है, अरुण महतो और दीपू महतो उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं साथ ही अभद्र टिप्पणी भी करते हैं। दोनों गलत इशारे भी करते हैं। छात्रा ने प्राथमिकी में बताया है कि उसके साथ पिछले तीन माह से छेड़छाड़ की घटना हो रही है। इसकी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। परिवार भी घटना से भयभीत है। छात्रा ने यह भी बताया है कि दीपू मेहता अक्सर बाइक से उसका पीछा भी करता है। प्राथमिकी के लिए दिए आवेदन में छात्रा ने यह भी लिखा है कि छेड़छाड़ की वजह से वह अकेले घर से निकलने में डरने लगी है। दोनों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उनके विरुद्ध पहले भी कई केस दर्ज हैं। छात्रा ने पुलिस को यह भी बताया है कि उसे अपनी आवाज उठाने के बाद इस बात का भी डर है कि कहीं उसके परिवार के साथ कुछ अनहोनी न हो जाए। इस मामले में जगन्नाथपुर थाना पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अघरमा पंचायत में जन सहयोग सह निरीक्षण अभियान



**कोलेबिरा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य सह 20 सूत्री सदस्य फिरोज अली मुख्य रूप से उपस्थित हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली ने कहा क्षेत्र की जनता को स्वावलंबी बनाना,उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना,गरीबी रेखा से दूर करना,हमारे झारखंड के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मुख्य उद्देश्य है। झारखंड राज्य के प्रगति के लिए हेमंत सोरेन की सरकार नित प्रतिदिन काम कर रही है।इस जनता दरबार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच पहुंचकर उनका सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। हमारे झारखंड सरकार माननीय मुख्यमंत्री की यह उपलब्धि है की चौथी बार हमारी सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है। इस विशेष शिविर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हेमंत सोरेन की सरकार पिछले 4 साल से यह कार्यक्रम राज्य के सभी जिला एवं प्रखंड एवं पंचायत में महत्वाकांक्षी योजना चला रहे हैं और अब मंईयां सम्मान योजना 18 साल से सभी बहनों के लिए कर दिए एवं झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन बिजली बिल माफ करते हुए राज्य के जनता के लिए अनेक अनेक काम कर रहें हैं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बहुत-बहुत बधाई । इसलिए कहते हैं हेमंत है तो हिम्मत है।

## राज्य में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट

**रांची:** रांची-झारखंड में आज से मौसम का मिजाज बदलेगा। अगले तीन दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रकृति पर्व करम पर 14 सितंबर को रांची समेत चार जिलों में अति भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर चेतावनी जारी की गयी है। मौसम केंद्र के अनुसार बांग्लादेश में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसका असर झारखंड में भी पड़ सकता है। रांची समेत चार जिलों में अति भारी बारिशः मौसम केंद्र ने 14 सितंबर को रांची, रामगढ़, बोकारो और धनबाद के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।18 जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमानः अपने पूर्वानुमान में मौसम केंद्र ने बताया है कि 14 सितंबर को दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, गढ़वा और पलामू को छोड़कर शेष जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

झारखंड पुलिस की लोगों से अपील


## फर्जी ऑनलाइन जॉब ऑफर से रहें सावधान

**रांची :** टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। इस बीच युवाओं में जॉब पोर्टल और एप्स के जरिए नौकरी ढूंढ़ने का प्रचलन भी बढ़ा है। साइबर ठग भी फ्रॉड का कोई तरीका नहीं छोड़ रहे हैं। वे अब नौकरी की तलाश में लगे युवाओं से भी फ्रॉड कर रुपये ऐंठ रहे हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस ने आम लोगों को सचेत किया है। साथ ही पुलिस ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। पुलिस ने पोस्टर जारी कर अपील की है कि ऑनलाइन जॉब के फर्जी ऑफर जैसे वर्क फ्रॉम होम, क्लिक एंड अर्न और रेट एंड अर्न से सावधान रहें। अपनी वित्तीय या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले हमेशा सत्यापित करें।

**ऐसे करते हैं साइबर ठग फ्रॉडः** जॉब पोर्टल और एप पर साइबर ठग फर्जी प्रोफाइल बनाते हैं, जहां वे ऐसे युवाओं को निशाना बनाते हैं, जिन्हें नौकरी की तलाश होती है। ऐसी प्रोफाइल वाले युवाओं को वे जॉब ऑफर करने के बहाने मैसेज के जरिए बातचीत करते हैं। हाई सैलेरी देने का झांसा देकर वे युवाओं से निजी जानकारी लेते हैं और रजिस्ट्रेशन के नाम पर रुपये ऐंठ लेते हैं।

16 सितम्बर हजरत मोहम्मद सल्ल के जन्मदिवस पर विशेष

## सत्य और अहिंसा के पयाम्बर,हजरत मोहम्मद सल्ल



**दुनिया** तरक्की की मंजिलें तय कर रही थी परन्तु ज्ञान और सभ्यता के दौर से काफी पिछडी थी परंतु अरब में एक ईश्वर के बदले इंसानी शक्ल बनाकर अनेक बूतों की पूजा की जाती थी अरब के लोग बहुदेववाद और अलौकिक शक्ति की पूजा अर्चना किया करते थे।पूरा अरब का इलाका चोरी,डकैती, राहजनी,हिंसा और दिन रात शराब और शबाब के नशे में डूबा था लड़कियों के जन्म लेते ही उसे जिन्दा दफना दिया जाता। ऐसे दूषित वातावरण में अरबी महीना की 12 रबीउल अव्वल तदनुसार 20 अप्रैल 571 ई कबीला कुरैश में आखरी नबी हजरत मुहम्मद सल्ल का जन्म मक्का में हुआ जन्म से पूर्व पिता हजरत अब्दुल्ला का देहांत हो गया और जन्म के 6 माह बाद मां आमना भी दुनिया से चल बसी इस ऐतिहासिक दिन और अल्लाह के फैसले पर आखरी नबी हजरत मोहम्मद सल्ल की आमद हुई। हजरत मोहम्मद सल्ल ने अपने व्यक्तित्व और किरदार से पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा के रास्ते पर ला खड़ा किया इस्लाम धर्म की सादगी और सत्यता को देख ईरान, इराक, शाम, लेबनान, टर्की में लोग एक ईश्वर की आराधना में लीन हो गये। हजरत मोहम्मद सल्ल बचपन से ही दुनिया की भागम भाग से दूर रहकर चिंतन मंथन एक ईश्वर की उपासना के लिए मक्का के निकट एक हिरा नामक पहाड़ की गुफा में चले जाते हैं वहीं कुरान का अवतरण हुआ इस्लाम की शिक्षा देने के जुर्म में इस्लाम विरोधियों ने मोहम्मद सल्ल पर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दबाव डालना शुरू किया लेकिन मोहम्मद का व्यक्तित्व और उनकी वाणी ऐसी थी कि लोग लुक छिपकर इस्लाम धर्म अपनाने लगे। जिस कारण इस्लाम विरोधियों का दबाव बढ़ता गया और 53 साल की आयु में इन्हें मक्का छोड़ मदीना में प्रवास करना पड़ा। और मदीना से कुछ दूरी बद्र नामक स्थान पर विरोधियों से संघर्ष करना पड़ा जो जंगे बद्र की पहली लड़ाई थी इस लड़ाई में 313 मुसलमानो ने 11सौ से अधिक दुश्मनों को पराजित किया लेकिन मोहम्मद के सदव्यवहार से दुश्मन भी हजारों की संख्या मे इस्लाम में दाखिल होने लगे

हजरत मोहम्मद सल्ल ने जिंदगी के मात्र 63वर्ष गुजारें जिसमे 23साल के प्रयास में पूरे अरब में शांति, भाईचारा, अमन का बोलबाला हो गया। लोग इनके व्यक्तित्व, इनकी ईमानतदारी, इनकी सत्यवादिता का गुणगान गाने लगे और इस्लाम का परचम पूरी दुनिया में लहराने लगा। ये इत्तेफाक है की जिस दिन हजरत मोहम्मद सल्ल का जन्म हुआ उसी तारीख 12 रबीउल अव्वल 11जून 632ईस्वी को इन्होने अपनी आंखे सदा के लिए बंद कर ली।

## रांची में इस साल डेंगू के 122 व चिकनगुनिया के 83 मरीज मिले

### राज्य में अब तक डेंगू के 436 और चिकनगुनिया के 175 मरीज मिले है



**रांचीः** राज्य में मच्छर जनित बीमारी डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस साल राज्य में अब तक डेंगू के 436 और चिकनगुनिया के 175 मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा डेंगू के 122 मरीज रांची में मिले हैं। वहीं, पूर्वी सिंहभूम में 66, खूंटी में 59, साहिबगंज में 24, पश्चिमी सिंहभूम में 24, हजारीबाग में 20, गिरिडीह में 18, गढ़वा में 16 और सरायकेला में डेंगू के 15 संक्रमित मिले हैं। संक्रमितों का यह आंकड़ा सरकारी लैब का है। अगर निजी अस्पताल में भर्ती मरीजों को जोड़ दिया जाये, तो इसमें 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।

रिम्स में डेंगू के 12 मरीज भर्तीः इधर, रिम्स में डेंगू के 12 मरीजों का इलाज चल रहा है। मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं, रांची में चिकनगुनिया के अब तक 83 मरीज मिले हैं। इसके अलावा रामगढ़ में 16, गिरिडीह में 11, पलामू में 10, पूर्वी सिंहभूम में आठ, हजारीबाग में छह, गुमला में छह और चतरा में पांच मरीज मिले हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि राज्य में इस साल डेंगू और चिकनगुनिया से एक भी मौत नहीं हुई है।

प्लेटलेट्स की मांग बढ़ीः राजधानी में डेंगू पीड़ितों की संख्या बढ़ने से प्लेटलेट्स की मांग बढ़ गयी है। सरकारी और निजी ब्लड बैंकों में परिजन प्लेटलेट्स के लिए भटक रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि प्लेटलेट्स अचानक कम होने से मरीज के परिजन घबरा जा रहे हैं और प्लेटलेट्स चढ़ाने का आग्रह डॉक्टर से कर रहे हैं। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि बिना परामर्श के प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए दबाव नहीं बनायें।

निजी लैब में मिल रहे हैं 20 से 30 फीसदी पॉजिटिवः राजधानी की विभिन्न लैब में भी डेंगू पॉजिटिव मिल रहे हैं। माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ पूजा सहाय ने बताया कि जांच के लिए जितने संदिग्ध मरीजों का सैंपल आ रहा है, उसमें 20-30 फीसदी की रिपोर्ट पॉजिटिव मिल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी प्लेटलेट्स के लिए हो रही है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–27 वर्ष ऊँचाई–5 फिट, 4 ईंच रंग–सॉवला, पहनावा–सफेद रंग का टी शर्ट एवं काला सलेटी रंग का जिन्स पहने हुए

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव अनगड़ा थाना अन्तर्गत महलीहुडु बंद पड़े पत्थर खदान से बरामद किया गया। जिसके संबंध अनगड़ा थाना काण्ड सं0–44/2024, दिनांक– 21.05.2024 धारा– 302/201 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉंची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा , रॉंची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335831 Police (24-25)_D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–65 वर्ष ऊँचाई–5 फिट, 3 ईंच रंग–सॉवला, सफेद दाढी,
पहनावा–सफेद–लाल–काला रंग का फूल स्वेटर, आसमानी रंग का टी शर्ट एवं हरा रंग का गम्छा
एवं छिटदार पतला कम्बल से ढका हुआ।

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव नगड़ी थाना अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक नगड़ी बाजार के सामाने से बरामद किया गया। जिसके संबंध नगड़ी थाना यू0डी0 काण्ड सं0–12/2024, दिनांक–26.08.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, रॉंची। –9431706142
थाना प्रभारी नगड़ी ,रॉंची। –9431706176

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335817 Police(24-25)#D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–लापता महिला रीना देवी उम्र–26 वर्श, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 1 ईंच,
पहनावा–हरा रंग का सलवार सुट एवं काला रंग की ओढ़नी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला रीना देवी, उम्र–26 वर्श, पिता–मुकेश कुमार महतो, सा0–मनातु, थाना–कॉंके, जिला–रॉंची जो दिनांक–29.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में कॉंके थाना सन्हा संख्या–11/2024, दिनांक–12.07.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम, रॉंची। –9431706141
थाना प्रभारी कॉंके, रॉंची। –9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335835 (Police)24-25*D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–रियाजुल अंसारी, उम्र–34 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट,
पहनावा–काला रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग का जींस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति रियाजुल अंसारी, उम्र– 34 वर्ष, पे0– सज्जाद अंसारी, सा0– हेहल, थाना– अनगड़ा, जिला– रॉंची जो दिनांक– 06.08.2024 को बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध मे अनगड़ा थाना सनहा संख्या 12/2024 दिनांक– 28.08.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, रॉंची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा, रॉंची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 335808 Police (24-25)_D

## सुविचार

**दुख जीवन में इसलिए आते हैं ताकि हम सुख का महत्व समझ सकें।**

## योजना ढंग से लागू हो

**सरकार ने** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को शामिल करने को मंजूरी दे दी है, जो कि एक अच्छा कदम कहा जाएगा। इस फैसले से देश के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल सकेगा। साथ ही, इतनी ही कीमत का हेल्थ इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सोशल सिक्यॉरिटी के मामले में भारत बहुत पीछे है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41% है, जिनके कम से कम एक सदस्य का हेल्थ इंश्योरेंस हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तोड़कर रख देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। ब्रोकरेज फर्म **Mercer and Marsh Benefits** के सर्वे के मुताबिक, भारत में 2023 में मेडिकल इन्फ्लेशन 9.6% थी, जो मौजूदा साल में 11% हो सकती है। कोरोना के दौर में पूरे एशिया में चिकित्सा पर महंगाई की सबसे ज्यादा मार हिंदुस्तान पर ही पड़ी थी। तब हमारे यहां मेडिकल इन्फ्लेशन 14% हो गई थी, चीन से भी ज्यादा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) का डेटा बताता है कि भारत में जीवन प्रत्याशा 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही जन्म के समय में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में non-communicable diseases से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें सबसे ज्यादा लोग मरते हैं हार्ट डिजीज और कैंसर से। सरकार ने बजट में स्वास्थ्य के लिए कोटा बढ़ाया है। हालांकि चीन और अमेरिका की तुलना में यह अब भी कम है। मेडिकल इंफ्रा बढ़ाने के साथ यह इंतजाम भी करना होगा कि आम जनता उसका फायदा उठा सके। सरकार का हालिया फैसला इसी दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि योजना को सही ढंग से लागू किया जाए।

## ठोस हकीकतें

विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की वापसी से जुड़ी समस्याएं 75% तक सुलझ गई हैं, कई लिहाज से अहम हैं। इसकी टाइमिंग तो खास है ही, आगे-पीछे और समानांतर चल रहे प्रयासों की रोशनी में इस बयान को दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की बढ़ी हुई दोतरफा इच्छा का संकेत माना जा रहा है। भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद के चार वर्षों में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दर्जनों दौर हो चुके हैं। लेकिन यह पहला मौका है जब विदेश मंत्री ने इसमें हुई प्रगति को इस तरह मात्रात्मक अंदाज में व्यक्त किया। इससे पॉजिटिविटी का जो संदेश निकला है, वह इस मायने में भी अहम है कि इससे साथ-साथ चल रहे अन्य प्रयासों की भावना भी रेखांकित होती है। विदेश मंत्री जयशंकर के बयान के कुछ घंटों के भीतर ही ब्रिक्स देशों की ठरअ बैठक के लिए रूस गए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। यी विदेश मंत्री भी हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने चीनी समकक्ष के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की जल्द पुनर्बहाली से जुड़े पहलुओं पर बातचीत की। ये सारे प्रयास इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं कि अगले महीने ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने वाली है। इन बातों का यह मतलब नहीं है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद की उलझी हुई गुत्थी आसान हो गई है। दोनों के स्टैंड में किसी बदलाव का कोई संकेत अभी तक नहीं है। चीन की तरफ से सीमा विवाद को दरकिनार करते हुए संबंध सुधारने के आग्रह पर भारत का रुख आज भी यही है कि सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल हुए बगैर यह संभव नहीं। भारत यह बताने में भी संकोच नहीं कर रहा कि चार साल पहले एलएसी पर चीन द्वारा की गई कार्रवाई दोनों पक्षों के बीच उस समय तक बनी तमाम सहमतियों का उल्लंघन थी और आज तक यह भी पूरी तरह साफ नहीं हुआ है कि आखिर चीन ने ऐसा क्यों किया। सामान्य रिश्तों के लिए सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल होने के साथ ही एक-दूसरे पर भरोसा होना भी जरूरी है। उसके लिए दोनों पक्षों के व्यवहार में पारदर्शिता होनी चाहिए। कुल मिलाकर, रिश्तों की बेहतरी के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है, लेकिन दोनों पक्ष अगर इसकी इच्छा जता रहे हैं तो यह भी अच्छी बात है। जहां चाह होती है, वहां राह निकलना बहुत मुश्किल नहीं होता।

# सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने से जोड़ती है मातृभाषा

**प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने का विचार भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए नया नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 350अ कहता है कि प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकरण को ₹भाषाई अल्पसंख्यक समूहों से संबंधित बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं₹ प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।**

### हिन्दी दिवस पर विशेष

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में 'बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी सुधार' लाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूरी दी। देश के लिए लगभग 34 वर्षों के बाद नई शिक्षा नीति आई है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली के लिए कुछ नया लेकर आई है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कक्षा 5 तक की शिक्षा के माध्यम के रूप में घरेलू भाषा, मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा बनाने का निर्णय है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राष्ट्र निर्माण में दीर्घकालिक प्रभाव पैदा कर सकता है। मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में स्कूली शिक्षा प्रदान करना मानव संसाधन विकास की चल रही प्रक्रिया में भारी बदलाव ला सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय भाषाएं मानवीय मूल्यों और भावनाओं को बढ़ाने में मदद करती हैं और मातृभाषा सीखने से भविष्य की पीढ़ियों को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने के साथ संबंध बनाने में मदद मिलेगी। एक बच्चे की मातृभाषा में प्रारंभिक स्कूलिंग, जैसा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सिफारिश की गई है, सीखने में सुधार कर सकती है, छात्र की भागीदारी को बढ़ा सकती है और दुनिया भर के बोझ को कम कर सकती है। हालांकि, इसके लिए नई पुस्तकों, नए शिक्षक प्रशिक्षण और अधिक धन की आवश्यकता होगी, इसके अलावा, भारत में भाषाओं और बोलियों की बहुलता को देखते हुए, यह उस क्षेत्र में एक निर्देश के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जिस पर अन्य भाषाओं में काम करना मुश्किल है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) कहती है कि ग्रेड ५ तक स्कूलों में शिक्षा का माध्यम जहां भी संभव हो, आठवीं कक्षा तक, मातृभाषा या स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा होनी चाहिए। 'यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास जल्दी किए जाएंगे ताकि बच्चे द्वारा बोली जाने वाली भाषा और शिक्षण के माध्यम के बीच कोई अंतराल न रहे। प्रारंभिक स्कूल के वर्षों में बच्चे को सबसे अधिक आरामदायक भाषा का उपयोग करना इसकी स्कूली उपस्थिति और सीखने के परिणामों में सुधार करता है। दुनिया भर के अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि यह कक्षा की भागीदारी को बढ़ाता है, ड्रॉपआउट और ग्रेड पुनरावृत्ति की संख्या को कम करता है।

यह उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से परिचित कराने का अवसर भी प्रदान करता है। ऐसा होने के बावजूद निम्न और मध्यम आय वाले देशों के सभी बच्चों को उनके द्वारा बोली जाने वाली भाषा में पढ़ाया नहीं जाता है। आज के अभिभावक अपने बच्चों को-इंग्लिश-मीडियम 'स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वे शिक्षा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना यह मानते हों कि अंग्रेजी भाषा की महारत बाद के जीवन में सफलता सुनिश्चित करती है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले और शहरी क्षेत्रों में 19.3% लोगों में से लगभग 14% ने एक निजी स्कूल चुना। क्योंकि वहां अंग्रेजी शिक्षा का माध्यम था। विशेषज्ञों का तर्क है कि एक अंग्रेजी शिक्षा हमेशा सबसे अच्छी नहीं होती है। कोई भी उस भाषा में सबसे अच्छा पढ़ना-लिखना सीख सकता है जिसे आप पहले दिन से जानते हैं। अच्छी शिक्षा तब होती है जब बच्चों में उच्च आत्मसम्मान होता है, उन्हें कक्षा में अच्छी तरह से समायोजित किया जाता है जो एक सकारात्मक और भयमुक्त वातावरण प्रदान करता है। यदि बच्चे को ऐसी भाषा में पढ़ाया जाता है जो उन्हें समझ में नहीं आता है, तो इसमें से कुछ भी नहीं होगा।

ग्रामीण भारत में, ग्रेड क में नामांकित केवल 16.2% बच्चे ही ग्रेड क-स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं, जबकि केवल 39.5% ही एक-अंकीय संख्याओं को जोड़ सकते हैं। 2011 की जनगणना ने 270 मातृभाषाओं को सूचीबद्ध किया; इनमें से, अध्ययन के अनुसार, 47 भाषाओं को भारतीय कक्षाओं में शिक्षा के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया था। लेकिन हम कम सीखने के परिणामों की समस्या को हल करने के लिए मातृभाषा में पढ़ाना कोई एकमात्र विकल्प भी नहीं मान सकते हैं। बहुभाषी शिक्षा के सफल होने के लिए शैक्षणिक परिवर्तन और प्रशिक्षित शिक्षकों का होना चाहिए जो कक्षा में कई भाषाओं से निपट सकते हैं और बच्चे की मातृभाषा में पढ़ा सकते हैं।

प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने का विचार भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए नया नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 350अ कहता है कि प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकरण को 'भाषाई अल्पसंख्यक समूहों से संबंधित बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं' प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।

शिक्षा और राष्ट्रीय विकास (1964-66) पर कोठारी आयोग की रिपोर्ट ने सुझाव दिया कि आदिवासी क्षेत्रों में, स्कूल के पहले दो वर्षों के लिए, निर्देश और पुस्तकों का माध्यम स्थानीय जनजातीय भाषा में होना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा को अलग से पढ़ाया जाना चाहिए और तीसरे वर्ष तक शिक्षा का माध्यम बनना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 ने यह भी कहा कि जहां तक संभव हो, स्कूल में शिक्षा का माध्यम बच्चे की मातृभाषा होना चाहिए। भारत में कई भाषाएं हैं, 2011 की जनगणना में 270 मातृभाषाओं की पहचान की गई और कक्षाओं में एक से अधिक बोली जाने वाली भाषा वाले बच्चे हो सकते हैं।

सभी भाषाओं के लिए शिक्षा का माध्यम बनना संभव नहीं हो सकता है और देश के बड़े हिस्सों में इसे लागू करना संभव नहीं हो सकता है। द्विभाषी कार्यक्रमों में प्रारंभिक निवेश उच्चतर हो सकता है क्योंकि नई शिक्षण सामग्री को विकसित करने की अतिरिक्त लागत के लिए विशेष रूप से उन भाषाओं के लिए जिन्हें मानकीकृत नहीं किया गया है या जिनके पास स्क्रिप्ट नहीं है। इसके लिए बहुभाषी कक्षा में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों और इन भाषाओं में धाराप्रवाह नए शिक्षकों की आवश्यकता होगी। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए अधिकांश राज्यों के अपने स्कूल बोर्ड हैं। इसलिए, राज्य सरकारों को इस फैसले के वास्तविक कार्यान्वयन के लिए आगे आना होगा।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य हर छात्र के शैक्षिक और सह-शैक्षिक डोमेन में सर्वांगीण विकास करना है और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षित करने पर जोर दिया गया है ताकि वे राष्ट्र की सेवा करने की अपनी क्षमता का पोषण कर सकें। लगभग तीन-चार वर्षों के लिए देशभर के कुछ स्कूलों में नए मॉडल की कोशिश करना, कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं की पहचान करना और परिवर्तन की लागत और फिर इन समस्याओं को हल करने वाली कार्य योजना तैयार करना है। इस से आसान और सुलभ तरीके प्रदान करके विभिन्न ज्ञान धाराओं के बीच पदानुक्रम और बाधाओं को दूर करने में बेहद फायदेमंद साबित होगी।

मातृभाषा में पढ़ाई वैचारिक समझ के आधार पर एक घरेलू प्रणाली के साथ सीखने और परीक्षा-आधारित शिक्षा की रट विधि को बदलने में मदद करेगा। जिसका उद्देश्य छात्र के अपनी भाषा में ज्ञानात्मक कौशल को सुधारना है, ताकि वह अन्य भाषाओं के बोझ तले न दब सके और चाव से अपनी प्राथमिक शिक्षा को पूर्ण कर सके। इस हिंदी दिवस पर हमें इस बात को जोर-शोर से प्रचारित करना चाहिए ताकि अभिभावक अपने बच्चों पर बेवजह का दबाव बनाकर उन्हें मात्र इंग्लिश मीडियम में भेजने पर जोर न दें। हमें इस धारणा को तोड़ना होगा जिसमें फंसकर आज के अभिभावक अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वे शिक्षा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना यह मानते हों कि अंग्रेजी भाषा की महारत से जीवन में सफलता सुनिश्चित है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : विमर्श के विषय

**डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान' के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है।**

**प्रवीण गुगनानी**

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था-जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है।

अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फारूख अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था "प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।" 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?!

शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फारूक अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- 'अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं।' कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक **Bomb Toy** है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं।

डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान' के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलेपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हजार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हजार नौकरियों हेतु भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं जिसमें लगभग सात हजार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पाँच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक़्शे पर एक आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई-नई योजनाएँ प्रारंभ हो रहीं हैं।

एक समय था जब कश्मीर के जंगल उजाड़कर देश भर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खूँ गाँव देश भर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल और बड़ी मात्रा में क्रिकेट बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है और सबसे बड़ी इसके लिए वह अपने अमूल्य देवदार के वृक्षों को भी नहीं काटकर पर्यावरण सुरक्षा भी कर रहा है। पहले कश्मीर से पेंसिल की लकड़ी जाती थी, अब वैल्यू एडिशन के साथ पेंसिल जाती है और स्थानीय बहुमूल्य लकड़ी भी नहीं काटी जा रही है।

कश्मीर में दस वर्षों बाद होने जा रहे विस चुनावो में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी। जम्मू व श्रीनगर में मेट्रो रेल प्रारंभ होगी। किसानों का बिजली बिल आधा ही लिया जाएगा। सौ हिंदू मंदिरों का पुनर्निर्माण करके कश्मीरी संस्कृति को सुरक्षित किया जाएगा। भाजपा प्रत्येक कश्मीरी महिला को अट्ठारह हजार रुपये प्रतिवर्ष व प्रति वर्ष दो गैस सिलेंडर भी निःशुल्क देगी। वृद्धावस्था, विधवा और विकलांगता पेंशन को एक से तीन हजार रुपये कर दिया जाएगा।

**विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा**

# कर्म का महत्व

### अध्यात्म

मनुष्य जैसा कर्म करता है वैसा ही फल भोगता है। वस्तुतः मनुष्य के द्वारा किया गया कर्म ही प्रारब्ध बनता है। इसे यूं समझें कि किसान जो बीज खेत में बोता है, उसे ही फसल के रूप में वह बाद में काटता है। भगवान श्रीकृष्ण गीता में स्वयं कहते हैं कि कोई भी मनुष्य क्षण भर भी कर्म किए बगैर नहीं रह सकता है। आज के परिवेश में विचार किए जाने की आवश्यकता यह है कि क्या हम शत-प्रतिक्षण, दिन-प्रतिदिन जो कर्म कर रहे हैं, वह हमें जीवन में ऊंचाई की तरफ ले जा रहे हैं या फिर इस संदर्भ में कहीं लापरवाही हमें नीचे तो नहीं गिरा रही है? हम अच्छे कर्मो के सहारे स्वर्ग में जा सकते हैं और बुरे के द्वारा नरक में। मानव के पास ही प्रभु ने शक्ति प्रदान की है कि अपने अच्छे कर्मो के सहारे वह जीवन नैया को पार लगा सके। परमात्मा का हिसाब बिल्कुल साफ है। अच्छे कर्मो का फल शुभ व बुरे का फल अशुभ। वह कभी ऐसा जोड़-घटाना नहीं करता है कि अच्छे कर्मो में से बुरे का फल निकालकर फल दे। जो जैसा करता है उसे वैसा ही भोगना पड़ता है। यदि ऐसा नहीं होता तो श्रीराम भगवान होकर पिता दशरथ को बचा लेते, श्रीकृष्ण अभिमन्यु को बचा लेते, पर ऐसा हुआ नहीं, क्योंकि सबको अपने किए हुए शुभ या अशुभ कर्मो का फल अवश्य भोगना पड़ता है। अच्छे फल की प्राप्ति के लिए हम अच्छे कर्मो को करने के लिए प्रतिबद्ध हों तो बात बनती है। हम अच्छे कर्म करते नहीं और अपेक्षा अच्छाई की करते हैं। यदि हम थोड़ा-सा सजग व सेवारत हो जाएं तो बात बनते देर नहीं लगेगी। अच्छे कर्मो से यदि स्वर्ग मिल भी जाए तो उसे स्थाई नहीं समझना चाहिए। स्वर्ग का सुख-ऐश्वर्य भोगने के पश्चात इंद्र जैसे लोगों को भी अच्छे कर्मो के अभाव में पुनः नाना प्रकार की योनियों में भटकना पड़ता है। प्रभु कृपा से जीवन में यदि सत्ता, संपति व सत्कार मिले तो उसे बचाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने अच्छे कर्मो में बढ़ोतरी करें। जीवन के सच्चे मूल्य को समझें। प्रभु प्राप्ति में जो कर्म सहायक हों उन्हें ही करने का प्रयास करें। प्रभु को अपने से ज्यादा उसके बनाए गए नियम प्रिय हैं। जो नियमों में बंधकर जीवन यापन करता है वह लक्ष्य की प्राप्ति निःसंदेह करता है। कर्म को यदि हम पूजा बना लें तो बंधनों से मुक्ति भी संभव है।

## संस्कार

### बचपन से ही हो संस्कारों का बीजारोपण

यदि आरंभ से ही बच्चों को अच्छे संस्कार मिले तो उनमें सद्गुणों का विकास होता है और वह अपनी संस्कृति और परिवार से जुड़ता है। अच्छे संस्कार जीवन को उचित दिशा देते हैं। बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का बीजारोपण होना चाहिए। संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। बच्चों को सुसंस्कारित करना परिवार के बड़े सदस्यों की जिम्मेदारी है, साथ ही समाज के प्रतिष्ठित लोगों का कर्तव्य है। राजस्थान के उदयपुर से आए कथावाचक पुष्करदास ने यह बात कही। वे यहां हुब्बल्ली (कर्नाटक) के गब्बुर गली स्थित श्री रामदेव मंदिर परिसर में कथा श्रवण करा रहे थे। रामदेव मरुधर सेवा संघ हुब्बल्ली के तत्वावधान में आयोजित कथा के दौरान कथावाचक पुष्करदास ने कहा, शिक्षा से पहले संस्कार की आवश्यकता है। बच्चों को घर से ही संस्कार देना शुरू कीजिए। बच्चे के बड़े होने पर संस्कार देना मुश्किल हो जाता है इसलिए बाल्यावस्था से ही संस्कार का बीज बोना आवश्यक है। संस्कारों से ही दया, करुणा, प्रेम, परोपकार आदि से स्वयं का जीवन सजाने वाला व्यक्ति महान बन जाता है।

**पुष्करदास, राजस्थान**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# आज से 02 अक्टूबर तक मनाया जायेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान : उप विकास आयुक्त

मेंट्रो रेज

**दुमका :** जिला अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत जिले के उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उन्होंने अभियान को लेकर जानकारी दी और इसे सफल बनाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के रूप में मनाया जाएगा। उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने इस अभियान को लेकर जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों सहित सभी जिलेवासियों से अपील किया है कि इस अभियान में बढ़- चढ़कर कर हिस्सा ले और इसे सफल बनायें।



उन्होंने पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए निदेशित किया। बैठक में स्वच्छता ही सेवा की सेवा 2024 के तीन प्रमुख स्तंभ पर चर्चा की गई।- स्वच्छता की भागीदारी सार्वजनिक भागीदारी जागरूकता- संपूर्ण स्वच्छता जिसमें स्वच्छता लक्ष्य इकाई भी शामिल है - सफाई मित्र स्वच्छता शिविर निवारण स्वास्थ्य जांच और सामाजिक सुरक्षा कवरेज- स्वच्छता की भागीदारी जिसके तहत ग्राम स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एवं जन भागीदारी को सुनिश्चित करना। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे जैसे सार्वजनिक संस्थान, कार्यालय संस्थागत ,भवन हाट, बाजार तालाब, पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल इत्यादि की सफाई की जाएगी। साथ ही सफाई मित्र सुरक्षा शिविर सफाई मित्र के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें सफाई मित्र के लिए कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु शिविर का आयोजन। उक्त कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना हैस्वच्छता थीम पर आधारित प्रदर्शनी, अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशाला, अपशिष्ट संग्रहण अभियान, स्वच्छता उत्सव और स्कूल कॉलेज में बच्चों के बीच स्वच्छता की थीम पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होने कहा कि ऐसे गांव और वार्ड चिन्हित करें, जिन्हें स्वच्छता में आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने इस अभियान में सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी से जिले को स्वच्छ बनाने में सफलता मिलेगी। जिला स्तरीय कार्यशाला में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दुमका -01/02, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी दुमका, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद दुमका,डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी जिला समन्वयक, सभी प्रखंड समन्वयक, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के नगर पंचायत ऑफिस परिसर में वार्ड 11 और 14 के लिए लगे शिविर मे सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेएमएम नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने कहा कि राज्य की लोकप्रिय हेमंत सरकार के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडो में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों को योजना की सटीक जानकारी और लाभ मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार गरीब



और असहाय की सरकार है गरीबों एवं यहां के स्थानीय निवासी तथा मूल वासीयों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को धरातल पर लाया जा रहा है नियम के अनुसार आप सभी लोग इसका लाभ उठाएं एवं शिविर में आवेदन करें। मौके पर बरहरवा नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्यामल दास,नगर सचिव मोहम्मद इकबाल, नगर कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, युवा नगर अध्यक्ष चंदन महतो,सहित अन्य मौजूद थे।

## वार्षिक आमसभा का आयोजन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** पलाश जेएस एलपीएस अंतर्गत प्रखण्ड- तालझारी पंचायत- सकड़भंगा के सकड़भंगा आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा की गई। संकुल में कुल 3 पंचायत के कुल 44 राजस्व ग्राम में कुल 251 सखी मंडल में 2997 महिलाएं जुड़ी हुई है। सरकार द्वारा आजीविका बढ़ाने के लिए उद्देश्य से संकुल संगठन द्वारा विभिन्न मद में कम ब्याज में ऋण जैसे समुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि, कैश क्रेडिट लिंकेज मुहैया करा कर ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका के साथ साथ स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य



किया जा रहा है। वार्षिक आम सभा में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के आय व्यय को प्रस्तुत किया गया जिसमें सी एल एफ को कुल वार्षिक लाभ 2 लाख 12 हजार 527 रुपया हुआ। संकुल में सामुदायिक स्तर पर कुल लगभग 23 महिला कैडर कार्य कर आजीविका संवर्धन कर स्वयं एवं ग्रामीण क्षेत्र की एस एचजी से जुड़ी महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है।सभी मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरस्वती सखी मंडल और तुलसी आजीविका ग्राम संगठन को पुरस्कृत किया गया।मौके पर मीरा देवी द्वारा मेरी जुबानी मेरी कहानी ने अपना लखपति दीदी होने का सफर सबों के सामने साझा किया और अन्य दीदियों को भी लखपति होने हेतु सखी मंडल से जुड़ने के लिए बताया गया।डीडीयुजीकेवाई एवं आर एस इटीआईके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण मुहैया कराकर आत्म निर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।उन्नत और तकनीकी खेती के लिए किसान को प्रशिक्षण और बीज मुहैया कराई जा रही है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलाश जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सरफराज नवाज,जेआरजीबी रामचौकी के शाखा प्रबंधक, सकड़भंगा पंचायत के मुखिया,समुदायिक समन्वयक संजीव कुमार, प्रखंड वित्त पदाधिकारी विभाकांत झा, सी एल एफ अध्यक्ष झुमुर टुडू, प्रमिला देवी,कोषाध्यक्ष सुशीला मलतो, बीडीएपी बिपिन और अन्य सैकड़ों सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुई।

## मेडिकल टीम ने की सभी बुखार पीड़ित रोगियों की मलेरिया जांच

**साहिबगंज/बोरियो/मेट्रो रेज :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोरियों के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मिजाचौकी के अंतर्गत मलेरिया से प्रभावित अति दुर्गम पहाड़ी गाँव सिमरिया में डॉ सत्तीबाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर,मलेरिया मास सर्वे एवं पीभीटीजी कैंप का आयोजन किया गया।जिसमे मेडिकल टीम के द्वारा सभी बुखार पीड़ित रोगियों को मलेरिया जाँच किया गया एवं धनात्मक पाए गए सभी रोगियों को उपचार भी किया गया।साथ ही ग्रामीणों को मलेरिया जाँच के साथ -साथ सभी तरह के स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया गया।साथ ही जिला भीबिडी सलाहकार डॉ



सत्तीबाबू डाबडा के द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए की किसी भी गाँव में मलेरिया फैलने की सुचना प्राप्त होते ही तुरंत उस गाँव में मेडिकल टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगा कर सभी बुखार से पीड़ित रोगियों का ईलाज किया जाए! साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया फैलने के कारण,लक्षण,उपचार एवं बचाव आदि के बारे में बिस्तारपूर्वक जानकारी दिए और लोगों को अपने घर के आस -पास साफ-सफाई रखने,प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने,ताजा और गर्म खाना खाने,पानी को उबाल कर ठंडा कर पीने,किसी को भी बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जाँच करवाने,किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़-फुक ओझा गुनी जड़ी-बूटी के चकर में ना पड़ने आदि की सलाह दिए।साथ ही उक्त गाँवों में आईआरएस कीटनाशी छिड़काव एवं फॉगिंग भी किया गया। मौके पर प्रवीर कुमार सिन्हा एमटीस चन्दन कुमार एमपीडब्लू,ओमप्रकाश मंडल,गेनालाल मंडल,सहिया व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## भाजपा नेता राजू पुजहर ने जनसंपर्क कर एक मुट्ठी चावल और एक- एक रुपया का लिया सहयोग

**जामा /मेट्रो रेज :** प्रखंड अंतर्गत तपसी एवं सिमरा पंचायत के कामुडुमरिया, तपसी, कदरजोरिया, बाबूकदेली, कुण्डाडीह आदि गांव में भाजपा नेता राजू पुजहर ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह घर-घर जाकर एक मुट्ठी चावल और एक रूपया का सहयोग आशीर्वाद के तौर पर प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान सभी लोगों से कहा कि आप लोग हमें साथ दीजियेगा तो हम जामा विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करने का विश्वास दिलाता हूं। मैं आप लोग का विश्वास को कभी ना तोडूंगा



ना कभी झुकने दूंगा इसलिए यह जो आपसे मैं कर्ज के रूप में एक मुट्ठी चावल और एक रुपए के तौर पर ले रहा हूँ वह ब्याज सहित विकास कर क्षेत्र को चुकाऊंगा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता शंभू पंडित, अजीत पंडित, मनोहर भंडारी, राजकुमार पंडित, नयन दा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 20 सितंबर को साहिबगंज से शुरू होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा, अमित शाह होंगे शामिल

मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** बीजेपी झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाले जाने की तैयारियां शुरू हो गयी है। 20 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह इस यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड के भोगनाडीह से परिवर्तन संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा साहेबगंज की बैठक साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद मार्किट सभागार जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस बैठक में मुख्यरूप से बैठक के प्रभारी राजमहल विधायक अनन्त ओझा शामिल हुए।राजमहल विधायक अनंत ओझा ने परिवर्तन यात्रा को लेकर कार्यकत्ताओं के साथ चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारी को लेकर एक एक बिन्दु पर चर्चा की।राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी 20 सितम्बर




को सुबह 9 बजे भोगनाडीह की पवित्र भूमि को नमन करके परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। सिद्धू,कान्हू,चांद भैरव फूलों झानो की शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। फिर परिवर्तन यात्रा रथ को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रवाना किया जाएगा।दोपहर दो बजे बोरियो में परिवर्तन विशाल जनसभा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सम्बोधित करेंगे। यात्रा के क्रम में सिदो-कान्हो के वंशजों के साथ संवाद भी करेंगे। बोरियो में पहाड़ी समाज के लोगो के साथ संवाद करेंगे। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के साहिबगंज आगमन को लेकर जिले के भाजपा के कार्यकर्त्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ हैं यहां के लोगो में उनके आगमन को लेकर बेहद उत्साह हैं केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।जिस प्रकार से साहिबगंज और पाकुड़ जिले में जिस प्रकार से बंगलादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी बदली हैं यहां के आदिवासी भाई एवं बहनों पर घुसपैठ के कारण अत्याचार हुआ हैं। यहाँ के संसाधनों पर उनका कब्जा जिस प्रकार से बढ़ा।राज्य में खनिज संपदा की लूट हुई हैं।राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं ।युवाओं को रोजगार नहीं मिला,राज्य के किसान,महिला सब परेशान हैं।राज्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी हैं। इन सभी मुद्दों पर राज्य सरकार चुप बैठी हैं। बंगलदेशी घुसपैठ के मुद्दे पर यहाँ का प्रशासन भी चुप्पी साधी हुई हैं। इसी को लेकर राज्य भर में भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल रही हैं राज्य में हेमन्त सोरेन सरकार के खिलाप जन आक्रोश हैं। परिवर्तन यात्रा के दूसरे दिन 21 सितम्बर को साहिबगंज जिले में मिर्जाचौकी से परिवर्तन यात्रा की शुरूवात दोपहर दो बजे से होगी।इस कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री व झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हेमंता विश्वा शर्मा और पूर्व विधायक सीता सोरेन शामिल होंगे। मिर्जाचौकी से परिवर्तन यात्रा हाजीपुर कोदरजन्ना महादेवगंज, गोपालपुल होते हुए साहिबगंज पहुँचेगी।जहाँ दोपहर तीन बजे असम के मुख्यमंत्री जनसभा को सम्बोधित करेंगे।फिर भाजपा साहिबगंज के सोशल मीडिया के कार्यकर्त्ताओं के साथ संवाद करेंगे। साहिबगंज से सकरी तालझारी घाटजमनीहोते हुए कन्हैया स्थान में रात्रि आरती में शामिल होंगे। फिर मंगलहाट होते हुए राजमहल परिवर्तन यात्रा पहुँचेगी। जहां सभा को सम्बोधित किया जाएगा।राजमहल से रात्रि 9 बजे उधवा पंहुचेगी। 22 सितम्बर को फिर परिवर्तन यात्रा उधवा से बरहरवा,बरहेट जाएगी। जहां इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन शामिल होंगे।इस बैठक को सम्बोधित करते हुए गणेश तिवारी ने कहा कि हम लोग सौभाग्यशाली हैं। कि हमारे जिले में केंद्रीय गृह मंत्री का आगमन हो रहा हैं बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से हर लोगो तक राज्य सरकार की नाकामी को गिनाया जाएगा।कमल कृष्ण भगत ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकत्ताओं में उत्साह हैं सिमन माल्टो ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में होगी पहाड़ी समाज की भागीदारी,धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम को लेकर हर विधानसभा और हर मंडल और बूथ में परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक की जाएगी। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष रामननन्द साह, राजेश मंडल, चन्द्रभान शर्मा, जिला महामंत्री कुसुमाकर तिवारी, ललिता पासवान, जिला मंत्री चांदनी देवी, मनोज यादव, सागर मंडल, संजय मंडल, प्रताप राय, बेचन मंडल सभी जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### माही बिल्डिकॉम से चोरी मामले उद्भेदन, एक गिरफ्तार

**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा थाना क्षेत्र के दुलुमपुर स्थित माही ऑटोमोबाइल व माही बिल्डिकॉम से बीते दिनों हुई लाखों की चोरी की घटना का बरहरवा थाना पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना पुलिस ने घटना में संलिप्त एक अिभ्रयुक्त तेजामूल शेख पिता-इस्लाम शेख साकिन-जाफरटोला थाना राधानगर को



सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि उक्त घटना में पुलिस ने घटनास्थल से दो गमछा,एक रॉड,एक पेचकश और एक सलाय रेंज बरमाद की थी,एवं तीन चोरों द्वारा किये गए पूरे घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गई थी जिसके बाद साहेबगज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर एसआईटी की टीम का गठन किया गया था तत्पश्चात गठित टीम मामले की गहनता से जाँच में जुट गई तदोपरांत पुलिस को सफलता हाथ लगी है ।बताते चले कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त तजामुल शेख ने स्वीकार करते हुए पुलिस द्वारा बरमाद किये गए गमछे की पहचान भी कर ली है। जो तेजामुल शेख के ही है साथ ही उसकी निशानदेही पर पुलिस जगह जगह अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। एसआईटी की टीम में बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा,बरहरवा पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,कुमार गौरव सहित अन्य शामील है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने अग्रेषित कार्यवाही हेतु शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त हुए 2111 आवेदन

**जामा :** प्रखंड अंतर्गत छैलापाथर एवं चिगलपहड़ी पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों ने आवेदन जमा किये। प्रखंड के दोनों पंचायतों के शिविर में स्टॉल लगाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी और आवदेन प्राप्त किये गये। अंचलाधिकारी अशोक बड़ाइक ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान सभी स्टॉल पर लाभुकों की भीड़ देखी गयी। आबुआ आवास के स्टॉल पर लंबी कतार में लोग अपने बारी का इंतजार करते देखे गये। बाल विकास परियोजना के स्टॉल द्वारा गर्भवती महिला को फलों एवं हरे सब्जी की टोकरी देकर गोदभराई की रस्म निभाई गयी। साथ ही छह माह से ऊपर के बच्चा को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया। चिगलपहड़ी पंचायत में कुल 896 आवेदन- पत्र प्राप्त



किए गये जबकि छैलापाथर पंचायत में कुल 1215 आवेदन- पत्र प्राप्त किया गया। दोनों पंचायतों में कुल 2111 आवदेन- पत्र प्राप्त किया गया। इस मौके पर प्रमुख बसंती ज्योतिका मुर्मू, जेएमएम जिला सचिव शिवकुमार बास्की, प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, प्रखंड सचिव सत्तार खां, युवा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण हेम्ब्रम, मुखिया कमीशन सोरेन, सुरेश सोरेन, संजीव कुमार दास सहित सभी प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

### परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा की आयोजित बैठक संपन्न

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला की ओर से स्थानीय अग्रसेन भवन में पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से गोड्डा के भाजपा विधायक अमित मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए अमित मंडल ने बताया की पार्टी के आगामी कार्यक्रम परिवर्तन यात्रा के सफलता हेतु तैयारी के निमित्त बैठक आयोजित की गई है जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हैं झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की गलत नीतियों तुष्टि करण की राजनीति युवाओं के आक्रोश महिलाओं के आक्रोश जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा के माध्यम से आम जनता के बीच में जाकर इस हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जनता के बीच में जाएगी जो वर्तमान की हेमंत सोरेन की सरकार है की सरकार से जनता का भला नहीं हो सकता है आज झारखंड की जनता पूरी तरह से त्राहिमाम कर रही है संथाल परगना की डेमोग्राफी पूरी तरह से बदल चुकी है इन सब मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक करना यही परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य है बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ। लुईस मरांडी ने कहा कि पूरे संथाल परगना और दुमका जिला में यह यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगा हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव में जो जनता से वादा किया था रोजगार देने का बेरोजगारी भत्ता देने का इन सभी मुद्दों पर यह सरकार भी फल रही है और यही कारण है की आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनाएगी।जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद ने बताया की परिवर्तन यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा साबित होगा भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता इस परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे बैठक में कार्यक्रम के तैयारी के नियमित कई प्रकार की जवाबदेही भी बांटी गई और परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए योजनाएं बनाई गई बैठक में प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, विधानसभा प्रभारी चुन्नू, सीताराम पाठक, सुरेश मुर्मू, विवेकानंद राय, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू , पिंटू साह, बबलू मंडल, मार्शल ऋषिराज टुड्डू, गुंजन मरांडी, कालेश्वर लायक, रूपेश मंडल, रमेश मुर्मू, अमिता रक्षित, डॉ। अंजुला मुर्मू, ममता साह, मनोरमा देवी,सुमित्रा देवी, श्रीधर दास, मनोज साह, फारुख अनवर, ओम केसरी, जूली यादव जी सभी मंडल अध्यक्ष गण जे जिला मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री गण जिला परिषद के सदस्य पंचायत समिति के सदस्य व अन्य मौजूद थे।

### देर रात चला वाहन जांच अभियान

**साहिबगंज :** देर रात्रि मिर्जाचौकी चेकपोस्ट में वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान में मालवाहक वाहनों की जांच की गयी। साथ ही चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के संधारित पंजी की जांच की गई। सारे वाहनों का दस्तावेज जांच किया गया एवं 2 वाहनो को जब्त किया गया । सभी मालवाहक ड्राइवर को बताया गया की वाहन परिचालन ड्राइविंग लाइसेंस,




इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र इत्यादि वैध दस्तावेज लेकर परिचालन करें। इस अभियान में मोटरयान निरीक्षक साहिबगंज विमल किशोर सिंह, परीक्ष्मान मोटर यान निरीक्षक अभिषेक मुंडा ,कार्यालय कर्मीअमन कुमार एवं मिजाचौकी एएसआई विजय कुमार दुबे मौजूद रहे।

### एसकेएमयू ने जारी किया तीन परीक्षा कार्यक्रम

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने शुक्रवार को तीन परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। उक्त परीक्षाओं में पीजी सेमेस्टर-2, बीएड सेमेस्टर-2 और एमए इन संथाल कल्चर स्टडी सेमेस्टर-2 की परीक्षा शामिल है। पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा 18 से 26 अक्टूबर तक द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा शुरू होने के पूर्व विङ्गाग स्तर पर प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर लें तथा प्रायोगिक परीक्षा की तिथि की घोषणा विभागाध्यक्ष अपने स्तर से करेंगे। बीएड सेमेस्टर-2 की परीक्षा 15 से 19 अक्टूबर तक दोनों पालियों में होगी, जबकि एमए इन संथाल कल्चर स्टडी सेमेस्टर-2 की परीक्षा 18 से 25 अक्टूबर तक होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ।जय कुमार शाह द्वारा उक्त परीक्षाओं से संबंधित तीन अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई है। उक्त अधिसूचनाओं को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

### जिला परिषद् सदस्य जूली यादव ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन

**बासुकीनाथ :** जिला परिषद् सदस्य जूली यादव ने जरमुंडी प्रखंड के कोल्हड़िया नदी पार टोला में पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला पार्षद श्रीमती यादव ने बताया कि 15वीं वित्त आयोग के द्वारा इस पथ का निर्माण कराया गया है



और इस पथ का निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।






## 'जो तेरा है वो मेरा है' का ट्रेलर आउट, फिल्म 20 सितंबर को जियो सिनेमा पर होगी रिलीज

जियो स्टूडियोज की आने वाली फिल्म कॉमेडी-ड्रामा 'जो तेरा मेरा वो मेरा है' के साथ दिल खोलकर हंसने के लिए तैयार हो जाइए। परेश रावल, अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी और सोनाली सहगल अभिनीत इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज़ हो गया है। कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 20 सितंबर को जियो सिनेमा पर रिलीज़ होगी। ट्रेलर में चाय बेचने वाले से महत्वाकांक्षी ठग बने मितेश मेघानी (अमित सियाल) के जीवन, उसकी गलतफहमियों और मजेदार कारनामों की झलक दिखती है। मितेश एक बूढ़े व्यक्ति (परेश रावल) को धोखा देकर अपने परिवार का प्यार पाने की कोशिश करता है। जब बूढ़ा व्यक्ति मरने से इनकार करता है, तो उसकी गलत तरीके से बनाई गई रिवर्स मॉर्गेज योजना का खुलासा होता है और मितेश के ठगी करने के तरीके उसे पकड़ लेते हैं। इस कॉमेडी एंटरटेनर पर काम करने के बारे में परेश रावल ने कहा, "जो तेरा है वो मेरा है एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसमें हास्य और प्रासंगिकता का खूबसूरती से मिश्रण किया गया है। स्क्रिप्ट मजेदार थी और इस कहानी को जीवंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कॉमेडी, हालांकि अक्सर हल्की-फुल्की मानी जाती है, लेकिन इसके लिए बहुत कौशल और समर्पण की आवश्यकता होती है और इस फिल्म पर काम करना इसका एक सच्चा प्रमाण रहा है। अजय राय के नेतृत्व वाली शानदार टीम के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा। अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी और बाकी प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करना वाकई बहुत मजेदार रहा है- सेट पर हर दिन हंसी-मजाक और मस्ती से भरा रहा। जियो स्टूडियोज ने ऐसी शानदार स्क्रिप्ट चुनी हैं, जिनका आनंद आप अब जियो सिनेमा पर अपने घर बैठे ले सकते हैं। मैं दर्शकों के द्वारा हमारी इस मनोरंजक कहानी का लुफ़्त उठाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' अमित सियाल ने अपनी भूमिका और परेश रावल के साथ अपनी दोस्ती के बारे में कहा कि, 'मैं जो तेरा है वो मेरा है का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, यह फिल्म कॉमेडी और हल्के-फुल्के पलों से भरी हुई है। परेश रावल सर के साथ काम करना, मेरे लिए सीखने का एक अविश्वसनीय अनुभव था जो किसी मास्टरक्लास से कम नहीं हैं। इस तरह की बुद्धि और चतुराई के साथ एक किरदार निभाना एक धमाका था। तीखे हास्य और चतुर अंतर्दृष्टि के बीच संतुलन बनाने की चुनौती ने इस भूमिका को काफी रोमांचक बना दिया है। जियो सिनेमा पर मेरी पिछली फिल्म, टिकडम को मिले जबरदस्त प्यार के बाद, मैं इस फिल्म को दर्शकों के साथ शेयर करने के लिए उत्साहित हूं। मैं यह देखकर रोमांचित हूं कि जियो स्टूडियोज इतनी विविध प्रकार की फिल्में बना रहा है जिन्हें परिवार एक साथ देख और आनंद ले सकते हैं।' जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, 'जो तेरा है वो मेरा है' का निर्माण ज्योति देशपांडे और अजय राय ने किया है और राज त्रिवेदी ने इसका निर्देशन किया है।

# युवराज हेज़ल कीच का किरदार निभाने के लिए किया गया फातिमा सना को अप्रोच



जब से क्रिकेट सनसनी युवराज सिंह की प्रेरक यात्रा पर बायोपिक की घोषणा की गई है, जिसमें विलक्षण प्रतिभा से लेकर विश्व कप के नायक और फिर कैंसर से बचने तक का सफर शामिल है, तब से हर कोई इसके बारे में विस्तृत जानकारी जानने के लिए उत्सुक है। हालांकि, पुरुष प्रधान भूमिका के बारे में अनुमान लगाना अभी भी जारी है, लेकिन महिला प्रधान भूमिका के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि फातिमा सना शेख फिल्म में क्रिकेटर की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं।

**फातिमा सना शेख को हेज़ल कीच की भूमिका के लिए संपर्क किया गया**

इंडस्ट्री के एक स्वतंत्र स्रोत के अनुसार, 'टीम युवराज सिंह की बायोपिक में उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाने के लिए फातिमा सना शेख पर विचार कर रही है। हालांकि अभिनेत्री या निर्माताओं से इस बारे में बहुत कुछ नहीं सुना गया है, लेकिन संभावनाएँ प्रबल हैं कि वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं।' इसके अलावा, हमने फातिमा सना शेख को अपनी फिल्मों में वास्तविक जीवन के किरदारों को निभाते हुए देखा है, दंगल में गीता फोगट और सैम बहादुर में इंदिरा गांधी। अगर युवराज सिंह की बायोपिक में उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाने के बारे में ये अटकलें सच हैं, तो यह वाकई एक दिलचस्प फिल्म होने वाली है।

### युवराज सिंह हैं, जो एक ओवर में 6 छक्के लगाने के लिए हैं मशहूर

- इस क्रिकेटर के संघर्ष, करियर और लव लाइफ को इस फिल्म में पिरोया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को भारतीय मनोरंजन उद्योग के दो प्रमुख व्यक्ति भूषण कुमार और रवि भागचंदका द्वारा निर्मित किया जाएगा। फिल्म का नाम अभी घोषित नहीं किया गया है, लेकिन यह मैदान पर और मैदान के बाहर युवराज सिंह के उल्लेखनीय सफर का शानदार चित्रण होने का वादा करता है। अब जबकि हेज़ल कीच वाले किरदार के लिए फातिमा से संपर्क किया गया है तो यह देखना बाकी है कि युवराज सिंह की बायोपिक में उनकी शानदार भूमिका कौन निभाएगा।

### युवराज सिंह की बायोपिक लोगों का खींच रही है ध्यान

- बॉलीवुड में भारतीय क्रिकेटरों के जीवन पर कई फिल्में बनी हैं। महेंद्र सिंह धोनी, अजहरुद्दीन, कपिल देव और सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के जीवन को सिल्वर स्क्रीन पर दिखाया गया। कई फिल्में सफल रहीं, जबकि कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। अब एक और स्टार क्रिकेटर पर बायोपिक बनने जा रही है, वह कोई और नहीं बल्कि पूर्व भारतीय ऑलराउंडर

'सनम तेरी कसम' अगली कड़ी

# हर्षवर्धन राणा के अपोजिट फिर से पाकिस्तानी अदाकारा मावरा हुसैन को देखना चाहते हैं फैंस



बॉलीवुड की रोमांटिक फिल्म 'सनम तेरी कसम' के दूसरे भाग की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। 'इंद्र' और 'सुरू' की प्रेम कहानी एक बार फिर पर्दे पर दिखाई देगी। मंगलवार को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता हर्षवर्धन के साथ एक तस्वीर साझा करके 'सनम तेरी कसम 2' की आधिकारिक घोषणा की। हालांकि, उनके कमेंट सेक्शन में पाकिस्तानी अदाकारा मावरा होकेन की वापसी पर सवाल पूछे गए।

आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'सनम तेरी कसम 2' आधिकारिक तौर पर बन रही है! पहली फिल्म की प्रेम कहानी के बाद, हम कुछ और लेकर आए हैं! अपडेट के लिए बने रहें!' अब बस यह देखना बाकी है कि क्या मावरा भी हर्षवर्धन के साथ फिर से दिखाई देंगी या निर्माताओं ने उन्हें पहले ही किसी और अभिनेत्री से बदल दिया है।

**2016 में रिलीज हुई थी सनम तेरी कसम**

साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' बॉलीवुड की बेहतरीन लव स्टोरी फिल्मों में से एक है। इसका प्रदर्शन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रहा था। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद भी किया था। अब मेकर्स ने इसके सीक्वल की घोषणा कर दी है। फिल्म में एक्टर हर्षवर्धन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, बाकी कास्ट के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

फिल्म सनम तेरी कसम में एक्टर हर्षवर्धन 'इंद्र' और पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन 'सुरु' का किरदार निभाते नजर आए थे। फिल्म में मनीष चौधरी, अनुराग सिन्हा, विजय राज, मुरली शर्मा और अन्य ने अहम भूमिका निभाई है।

**सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हो रही है 'सनम तेरी कसम'**


फिल्म 'सनम तेरी कसम 2' की आधिकारिक घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब 'सनम तेरी कसम' सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने जा रही है। अक्टूबर के महीने में यह फिल्म दर्शकों के मनोरंजन के लिए दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस के लिए यह सोने पर सुहागा वाली बात है। फिल्म की घोषणा से फैंस के बीच उत्सुकता और बढ़ गई है।

## बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक करण जौहर जैसलमेर आए, द ट्रेटर्स की होगी शूटिंग



जैसलमेर बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक करण जौहर जैसलमेर आए है। वे विशेष चार्टर प्लेन से जैसलमेर पहुंचे। जैसलमेर में आगामी दो हफ्ते तक प्राइम वीडियो पर आने वाले 'द ट्रेटर्स' की शूटिंग चलेगी। एयरपोर्ट से उतरने के बाद करण जौहर सम रोड़ स्थित निजी होटल गए। अमेरिकन सीरीज 'द ट्रेटर्स" के भारतीय रूपांतरण की मेजबानी करण जौहर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसके लिए जैसलमेर के होटल में सेट भी लगाया गया है। इस शो में 10 कंटेंस्टेंट्स होंगे। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसमें शामिल होने वाले कंटेंस्टेंट्स के नाम भी सामने आ रहे हैं। इस शो में सुधांशु पांडे, करण कुंद्रा और अंशुला कपूर आ सकते हैं। इस शो में कंटेस्टेंट को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। जिसमें एक 'वफादार" और एक 'गद्दार" होगा। गद्दार ग्रुप में जो होंगे, वो गुपचुप तरीके से वफादार कंटेंस्टेंट्स को गेम से हटाने की कोशिश करेंगे। करण जौहर इससे पहले जैसलमेर में 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी" की शूटिंग कर चुके है। फिल्म की शूटिंग के लिए रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, शबाना आजमी समेत कई स्टार जैसलमेर आए थे।

## माता-पिता बने रणवीर-दीपिका से मिलने अस्पताल पहुंचे शाहरुख



गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए प्रशंसकों को अच्छी खबर दी। दीपिका ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। फैंस उनकी बेटी को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। रणवीर-दीपिका से मिलने अस्पताल पहुंच गये शाहरुख खान। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दीपिका और उनकी बेटी से अस्पताल में मिलने गए शाहरुख खान का रिलायंस हॉस्पिटल के बाहर का वीडियो सामने आया है। शाहरुख ने अस्पताल जाकर दीपिका से मुलाकात की। शाहरुख के इस वीडियो को पैपराजी को इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है।

## हाउसफुल-5 में हुई चित्रांगदा सिंह और डिनो मोरिया की एंट्री



बॉलीवुड की मशहूर कॉमेडी हाउसफुल-5 में चित्रांगदा सिंह और डिनो मोरिया की एंट्री हुई है, जिसने फिल्म को और भी एंटरटेनिंग बना दिया है। चित्रांगदा और डिनो इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में नज़र आएंगे। चित्रांगदा 2 महीने लंबे शेड्यूल की शूटिंग के लिए लंदन जाएंगी। शेड्यूल का एक हिस्सा क्रूज पर भी शूट किया जाएगा। हाउसफुल-5 की शूटिंग 15 सितंबर से शुरू होगी और इसका लंदन में 45 दिनों का मैराथन शेड्यूल होगा। डिनो भी जल्द ही लंदन में फिल्म की शूटिंग शुरू करनेवाले हैं। साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। डिनो और चित्रांगदा की एंट्री स्टार-स्टडेड कास्ट में रोमांच भर देगी, जिसमें पहले से ही अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, फरदीन खान, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ शामिल हैं। हाउसफुल की हर नई किश्त के साथ कॉमेडी और क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। जैकी श्रॉफ के साथ डिनो मोरिया और चित्रांगदा की एंट्री फिल्म में नई एनर्जी लेकर आई है। ढेर सारी हंसी, अराजकता और अविस्मरणीय दृश्यों के साथ यह फिल्म 2025 में स्क्रीन पर आने पर एक बड़ा मनोरंजन करने वाली है।

# लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया

एजेंसी

**कार्डिफ :** अनुभवी लियाम लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड कार्डिफ में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क (50) के पहले अर्धशतक और जोश इंग्लिस के 26 गेंदों पर 42 रनों की तेज पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और कप्तान ट्रेविस हेड ने 31 रन बनाए। अंत में आरोन हार्डी ने 9 गेंदों में 20 रन की तेज पारी खेली। इंग्लैंड के लिए लिविंगस्टोन और ब्रीडन कार्स ने 2-2 और सैम करन, आदिल राशिद ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम एक समय 79 रनों पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, लेकिन यहां से लिविंगस्टोन (47 गेंदों पर 87 रन) और जैकब बेथेल (24 गेंदों पर 44 रन) के बीच केवल 47 गेंदों पर 90 रनों की साझेदारी ने उन्हें वापस मैच में ला दिया और इंग्लैंड ने 1ओवर शेष रहते 194 रन बनाकर 3 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इंग्लिश कप्तान फिलिप शॉर्ट ने भी 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू शॉर्ट ने 5 विकेट लिए, जबकि सीन एबॉट ने 2 विकेट झटके। दोनों टीमों के बीच तीसरा और अंतिम टी-20 मैच रविवार को खेला जाएगा।




## डायमंड लीग फाइनल 2024: पुरुषों की 3000 स्टीपलचेज में नौवें स्थान पर रहे अविनाश साबले



**नई दिल्ली :** अविनाश साबले शनिवार को ब्रुसेल्स के किंग बौडॉइन स्टेडियम में डायमंड लीग 2024 फाइनल में 3000 मीटर पुरुषों की स्टीपलचेज़ में 8:17.09 के समय के साथ नौवें स्थान पर रहे। केन्या के अमोस सेरेम फिनिश लाइन (8:06.90) को पार करने वाले पहले खिलाड़ी थे, जबकि पसंदीदा मोरक्को के सौफियान एल बक्काली 8:08:60 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ट्यूनीशिया के मोहम्मद अमीन झिनाउई 8:09.68 का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहे। 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले, दो बैठकों में तीन अंकों के साथ समग्र डायमंड लीग स्टैंडिंग में 14वें स्थान पर रहे। हालाँकि, उनसे उच्च रैंक वाले चार एथलीट – इथियोपिया के लामेचा गिरमा (घायल), न्यूजीलैंड के जियोर्डी बीमिश, जापान के रयुजी मुरा और यूएसए की हिलेरी बोर – हट गए, जिससे सेबल को सीजन फाइनल के शीर्ष 12 में भाग लेने की अनुमति मिली। 29 वर्षीय खिलाड़ी 7 जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में 8:09.91 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ छठे स्थान पर रहे थे। वह 25 अगस्त को सिलेसिया चरण में 8:29.96 के समय के साथ 14वें स्थान पर थे। हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक 2024 में, साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ फ़ाइनल में 8:14.18 के समय के साथ 11वें स्थान पर रहे।

## इंटर मियामी के लिए वापसी को तैयार लियोनेल मेसी



**वाशिंगटन :** लियोनेल मेसी चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद इस सप्ताह के अंत में इंटर मियामी के लिए एक्शन में लौटने के लिए तैयार हैं। 37 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के दौरान टखने की चोट के बाद से नहीं खेला है। हालांकि वह पूर्ण प्रशिक्षण पर लौट आए हैं और शनिवार को फिलाडेल्फिया के खिलाफ इंटर मियामी के घरेलू मुकाबले के लिए उनका खेलना तय है। इंटर मियामी के प्रबंधक गेरार्डो मार्टिनो ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, ₹हां, वह ठीक हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रशिक्षण लिया और वह मैच के लिए हमारी योजनाओं में है। आज प्रशिक्षण के बाद हम उसके लिए रणनीति के बारे में सोचेंगे, लेकिन वह उपलब्ध हैं। मेसी के नाम इस सीजन में 12 मेजर लीग सॉकर मैचों में 12 गोल और 13 सहायता हैं। मार्टिनो आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता की मैच फिटनेस की कमी से चिंतित नहीं थे, उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मात्र से फ्लोरिडा टीम को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। मार्टिनो ने कहा, ₹अपनी टीम के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का वापस स्वागत करना, जो पहले से ही अच्छे प्रदर्शन पर थी, हम सभी को बहुत खुशी हो रही है। इंटर मियामी वर्तमान में 27 मैचों में 59 अंकों के साथ मेजर लीग सॉकर के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से आठ अंक आगे है।

न्यूज IN बिजनेस

# स्पेल बी के 14वें संस्करण के साथ लौटे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस व मिर्ची, स्पेलिंग जादूगरों को बनाएगा और मजबूत

**रांची :** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, भारत के सबसे भरोसेमंद जीवन बीमाकताओं में से एक, ने मिर्ची के साथ साझेदारी में एसबीआई लाइफ स्पेल बी 2024 के 14वें संस्करण 'बी स्पेलबाउंड' के शुभारंभ की घोषणा की है। स्पेल बी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसने पिछले वर्षों में देश के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के शानदार अवसर प्रदान किए हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए स्पेल बी इस साल भी एक व्यापक विजन और स्पेलिंग कौशल की परीक्षा से कहीं आगे बढ़ने के वादे के साथ वापस आ गया है। प्रतियोगिता का 14वां संस्करण 30 शहरों और 500 से अधिक स्कूलों में होगा, जिसमें 3 लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे। भारत भर के शीर्ष 50 छात्र राष्ट्रीय समापन समारोह के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। अंतिम विजेता को 'स्पेलमास्टर ऑफ इंडिया 2024' का ताज पहनाया जाएगा। प्रतिष्ठित खिताब के अलावा विजेता को 1 लाख रुपये का भव्य पुरस्कार और डिज्नीलैंड, हांगकांग की यात्रा का अवसर भी मिलेगा। इस वर्ष की थीम, 'बी स्पेलबाउंड!' सिर्फ एक कैचफ्रेज नहीं है, बल्कि यह प्लेटफॉर्म के गहरे मिशन को दर्शाता है। हालांकि स्पेल बी 2024 अभी भी सर्वश्रेष्ठ स्पेलर खोजने पर केंद्रित है, यह अब फ्यूचर लीडर्स को आगे बढ़ाने के लक्ष्य पर अधिक फोकस करता है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रवींद्र शर्मा ने कहा, 'एसबीआई लाइफ में हम हमेशा ऐसे अवसर बनाने का प्रयास करते हैं जो व्यक्तियों को उनकी वास्तविक क्षमता को उजागर करने में सक्षम बनाते हैं। स्पेल बी के साथ सहयोग करने से हमें इस दृष्टिकोण को देश भर में प्रतिभाशाली युवाओं तक तक पहुंचाने का मौका मिला है। स्पेल मास्टर्स ऑफ इंडिया के साथ हमारे निरंतर सहयोग के माध्यम से हम न केवल उत्कृष्ट स्पेलर, बल्कि ऐसे फ्यूचर लीडर्स को गढ़ने में मदद कर रहे हैं जो समाज में सार्थक प्रभाव डालने के लिए सशक्त होंगे।'

## सारेगामापा का ऑडिशन देने पहुंचे सलमान अली पर गुरु रंधावा ने की तारीफों की बारिश

**रांची :** जी टीवी का आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा एक ब्रांड-न्यू सीजन के साथ लौट आया है, जिसमें मेंटर्स का एक ताजातरीन पैनल है। जहां मेंटर्स में सचिन-जिगर, सचेत-परंपरा और गुरु रंधावा जैसे उम्दा फनकार शामिल हैं, वहीं विपुल रॉय होस्ट के रूप में नजर आएंगे। सारेगामापा के इस सीजन का शीर्षक है नई आवाज, नया अंदाज, जिसमें भारत की कुछ बेहतरीन उभरती आवाजें पेश की जाएंगी। जहां देश भर से आए कंटेस्टेंट्स टॉप 12 में अपनी जगह बनाने के लिए मुकाबला कर रहे हैं वहीं इनमें से चुनिंदा कंटेस्टेंट्स ने अपनी बेमिसाल आवाजों और संगीत की लगन से जजों को इम्प्रेस कर दिया है। इस शो के प्रीमियर एपिसोड में दर्शक टैलेंटेड सिंगर सलमान अली को भी ऑडिशन में हिस्सा लेते देखेंगे। ऐसा लगता है कि सारेगामापा लिटिल चैंप्स 2011 में रनर-अप रहने के बाद वो इस ट्रॉफी पर अपना दावा करने वापस लौट आए हैं। पिछले कुछ वर्षों में सलमान अली ने लाखों दिलों को जीता, साथ ही कैफ नाम के कंटेस्टेंट को भी प्रेरित किया। कैफ भाग्यशाली था कि उसे इस सिंगर से मिलने का मौका मिला। कैफ ने बताया कि सलमान अली उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा रहे हैं। यहां तक कि मेंटर गुरु रंधावा भी इस यंग सिंगर की तारीफ करने से खुद को रोक ना सके। गुरु रंधावा ने खुलासा किया कि वो भी सलमान अली के बहुत बड़े फैन हैं और सारेगामापा लिटिल चैंप्स के समय से ही इस सिंगर का सफर देख रहे हैं। इसके बाद हमारे सेलिब्रेटेड कंपोजर एवं सिंगर ने सलमान से अपना सबसे पसंदीदा गाना 'सजदा' परफॉर्म करने की गुजारिश की। गुरु रंधावा ने कहा, 'सलमान, मैं आपके काम का बहुत बड़ा फैन हूं और मुझे यह मंच देने के लिए मैं वाकई सारेगामापा का आभारी हूं, जहां मुझे आपको लाइव सुनने का मौका मिला। मैंने आपके कुछ वीडियोज देखे हैं और मुझे वो वक्त याद है जब मैंने आपको आपका पहला गाना 'सजदा' परफॉर्म करते देखा था। यदि आप हम सभी के लिए वो गाना परफॉर्म कर सकें, तो हमारा दिन बन जाएगा।

## टेक्नो इंडिया ग्रुप और कोलकाता में एक विशेष मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल स्कूल के लॉन्च के साथ एक नए युग की हुई शुरूआत

**रांची :** कोलकाता स्थित स्कूल पूरे भारत में युवा खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रशिक्षण और खेल विकास प्रदान करने के लिए मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के साथ साझेदारी करेगा। कोलकाता, 12 सितंबर, 2024 : टेक्नो इंडिया ग्रुप ने आधिकारिक तौर पर सिटी फुटबॉल ग्रुप के साथ साझेदारी की है, जिसका लक्ष्य भारतीय फुटबॉल के विकास को आगे बढ़ाते हुए पश्चिम बंगाल में पहला मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल स्कूल लॉन्च करना है। उपरोक्त स्कूल, जिसने सितंबर में अपना प्री-रजिस्ट्रेशन शुरू किया था, उसका उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय पर फुटबॉल कोचिंग और एक मजबूत खेल नींव का एक अनूठा संयोजन प्रदान करके देश भर से युवा प्रतिभाओं का पोषण करना है। फुटबॉल स्कूल तीन से सत्रह वर्ष की आयु के एथलीटों की सेवा करेगा, उन्हें सिटी फुटबॉल ग्रुप द्वारा चुने गए पूर्णकालिक मैनचेस्टर सिटी कोचों के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करेगा। कोच मैनचेस्टर सिटी की प्रसिद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था को लागू करेगा, जो प्रत्येक खिलाड़ी के कौशल स्तर के अनुरूप होगी और युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक लाने के लिए डिजाइन की जाएगी। फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ-साथ, स्कूल असाधारण छात्रों के एक चुनिंदा समूह को यूके में मैनचेस्टर सिटी की सुविधाएं प्रदान करेगा, जो एक अद्वितीय प्रशिक्षण अवसर प्रदान करेगा। उन्हें क्लब के प्रसिद्ध प्रशिक्षण माहौल में रुचि विकसित करने और विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल सुविधाओं से परिचित होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सभी नामांकित छात्रों को कार्यक्रम के दौरान एक विस्तृत प्रदर्शन रिपोर्ट और व्यक्तिगत सर्वोत्तम योजना प्राप्त होगी, जिसे सीधे यूके में मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल स्कूल द्वारा विकसित किया गया है। इन रिर्पोटों को छात्रों को वितरित करने के लिए कोलकाता भेजा जाएगा, जिससे उनके कौशल विकास को बढ़ाने और पेशेवर स्तर पर खेल की उनकी समझ को बढ़ाने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और अनुरूप सिफारिशें प्रदान की जाएंगी। इस फुटबॉल स्कूल के खुलने से भारत में खेल शिक्षा के लिए एक नया मानदंड स्थापित होने की उम्मीद है, जिससे फुटबॉल के इच्छुक लोगों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। 150 छात्रों की प्रारंभिक क्षमता के साथ, स्कूल विशिष्ट खेल प्रशिक्षण के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए टेक्नो इंडिया समूह की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। इस साझेदारी के महत्व पर जोर देते हुए, टेक्नो इंडिया ग्रुप के निदेशक डेट रॉय चौधरी ने कहा, 'यह बहुत गर्व, उत्साह और खुशी के साथ है कि हम मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल स्कूल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हैं, यह फुटबॉल का समर्थन करने के लिए हमारी दृष्टि और गहरी प्रतिबद्धता को दर्शार्ता है चैंपियनों का पोषण करें।

## एमेजॉन इंडिया ने त्योहारों से पहले 1.1 लाख से ज्यादा मौसमी नौकरियां की पेश

**रांची :** एमेजॉन इंडिया ने घोषणा की कि इसके ऑपरेशंस नेटवर्क में 110,000 से ज्यादा नौकरियां दी गई हैं। ये नौकरियाँ आगामी त्योहारों के दौरान ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करेंगी। इनमें भारत में मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई आदि शहरों में दिए जा रहे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों के अवसर शामिल हैं। एमेजॉन इंडिया द्वारा अपने मौजूदा नेटवर्क में हजारों महिला एसोसिएट्स और लगभग 1900 पीडब्लूडी एसोसिएट्स (दिव्यांगों) की भर्ती की जा चुकी है। एमेजॉन इंडिया द्वारा नए पदों में से ज्यादातर पर भर्ती की जा चुकी है। इस विषय में डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री ने कहा, 'भारत में 1.1 लाख से ज्यादा मौसमी रोजगार के अवसर देने की एमेजॉन की घोषणा एक सराहनीय कदम है। इससे त्योहारों पर देश में कार्यबल मजबूत हो सकेगा। यह देखकर उत्साह बढ़ता है कि कंपनी इन पदों पर बड़ी संख्या में महिलाओं और दिव्यांगों की भर्ती कर रही है तथा सुरक्षा, हैल्थकेयर एवं एजुकेशनल सपोर्ट द्वारा अपने एसोसिएट्स के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। हम एमेजॉन और अन्य कॉर्पोरेट्स के इन प्रयासों की सराहना करते हैं, जो कर्मचारियों को कल्याण के साथ समावेशी रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। अभिनव सिंह, वीपी-ऑपरेशंस, एमेजॉन इंडिया ने कहा, इन त्योहारों पर हम भारत में सभी पिनकोड्स पर ग्राहकों को तीव्र और भरोसेमंद डिलीवरी पहुँचाना चाहते हैं। अपना यह उद्देश्य पूरा करने के लिए हमने 1.1 लाख से ज्यादा लोगों की भर्ती की है, ताकि हमारा फुलफिलमेंट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत बने और हम बढ़ी हुई मांग को सुगमता से पूरा कर सकें। इनमें से अनेक एसोसिएट एमेजॉन के साथ त्योहारों के बाद भी काम करते हैं और कई हर साल एमेजॉन के साथ काम करने के लिए वापस आ जाते हैं। हम अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहते हैं फिर चाहे वो हमारे ऑफिस में बैठकर काम कर रहे हों या फिर ग्राहकों को डिलीवरी पहुँचा रहे हों। देश में हमारा इन्फ्रास्ट्रक्चर रोजगार के अवसर निर्मित करने का स्रोत है और हम सभी को सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय लाभ के साथ सुरक्षित, समानतापूर्ण और सशक्त बनाने वाला वातावरण प्रदान करने पर केंद्रित हैं।

## सारेगामापा :नई आवाज, नए अंदाज में

**रांची :** भारत का आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा लंबे समय से उभरते टैलेंट के लिए एक लॉन्चपैड रहा है, जिसने अपने पिछले सीजन में हर हफ्ते नए सिंगर्स को जी म्यूजिक कंपनी के साथ अपने ओरिजिनल सिंगल्स रिलीज करने का मौका दिया। अपने 30 साल से ज्यादा के सफर में इस शो ने भारत की शानदार आवाजों की खोज की और उन्हें संवारा है। अब सारेगामापा ने एक बार फिर दमदार वापसी की है जिसमें कुछ ताजगी भरी आवाजें और ऐसे मेंटर्स हैं, जो एक बिल्कुल नई आवाज, नए अंदाज में पेश करेंगे। 14 सितंबर 2024 से शुरू हो रहा यह शो हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे दिखाया जाएगा, जहां इस सीजन के मेंटर्स होंगे जाने-माने फनकार - गुरु रंधावा, सचिन-जिगर और सचेत-परंपरा टंडन, जिनके साथ विपुल रॉय होस्ट के रूप में नजर आएंगे।बिरला ओपस पेंट्स सारेगामापा का नया सीजन अपने हर एपिसोड में मशहूर गानों और दमदार परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। इस बार कंटेस्टेंट्स को उनके मेंटर्स अच्छी तरह से संवारेंगे और उनके म्यूजिकल सफर में पूरी लगन से शामिल रहेंगे। इस प्रतिस्पर्धी माहौल में जब संगीत जगत के सबसे बड़े कंपोजर्स एक दूसरे के आमने-सामने होंगे, तो संगीत की उत्प्टता यकीनन अपनी चमक बिखेरेगी। हाल ही में मुंबई के एक टॉप क्लब में हुए एक शानदार मीडिया इवेंट में जी टीवी ने देश के कुछ सबसे बड़े म्यूजिक सितारों की मौजूदगी में सारेगामापा के अगले सीजन का शुभारंभ किया। इस मौके पर दर्शकों को इस सीजन के शानदार टैलेंट की एक झलक दिखाई गई। हालांकि इस शाम की सबसे खास बात थी मेंटर्स की म्यूजिकल परफॉर्मेंस, जिन्होंने अपने जबर्दस्त हिट गानों के साथ मंच पर समां बांध दिया। जैसे-जैसे ये शाम परवान चढ़ने लगी, संगीत जगत की सभी मशहूर हस्तियों का फैसला साफ हो गया। और वो फैसला यह था कि सारेगामापा 2024 अपने फ्रेश टैलेंट और मेंटर्स के एक रोमांचक नए पैनल के साथ पूरे देश में धूम मचा देगा।

## टैली सोल्युशन्स ने कनेक्टेड सर्विसेज को और बेहतर बनाते हुए नए टैलीप्राइम 5.0 किया लॉन्च

**रांची :** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़-तेजी से विकसित होते एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण के साथ टैली सोल्युशन्स ने आज अपनी कनेक्टेड सर्विसेज को और बेहतर बनाते हुए नए टैलीप्राइम 5.0 का लॉन्च किया। बिजनेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाली जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी टैली ने एपीआई-संचालित टैक्स फाइलिंग के साथ अपनी कनेक्टेड सर्विसेज को नया आयाम दिया है। देश-विदेश में मिड-मास सेगमेन्ट के बिजनेस के संचालन को सुगम बनाने के प्रयास में यह लॉन्च किया गया है। कनेक्टेड जीएसटी से युक्त नया वर्जन सभी ऑनलाईन जीएसटी ऑपरेशन्स के लिए कंसोलिडेट इंटरफेस की तरह काम करेगा, जिसके लिए जीएसटी पोर्टल पर जाने की जरूरत नहीं होगी। यह लॉन्च टैली के कनेक्टेड अनुभव को और भी मजबूत बनाएगा, जिसमें ई-इनवॉयसिंग, ई-वे बिल जनरेशन और व्हॉट्सऐप इंटीग्रेशन आदि शामिल हैं। इसके अलावा मिडल ईस्ट और बांग्लादेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टैलीप्राइम 5.0 में अडवान्स्ड मल्टी-लिंगुअल क्षमता को भी शामिल किया गया है, जो फोनेटिक सपोर्ट के साथ अरबी और बंगाली भाषाओं का इंटरफेस भी प्रदान करेगा। नए वर्जन में कई फीचर्स शामिल हैं जैसे फास्ट डेटा अपलोड/ डाउनलोड के लिए जीएसटी पोर्टल का डायरेक्ट कनेक्ट*, जीएसटीआर1 रिटर्न फाइलिंग और न्यू रेकॉन फ्लेक्सिबिलिटी जिसमें टैली के अनूठे जीएसटीआर-1 रेकॉन और जीएसटीआर-3बी रेकॉन फीचर्स तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पर रिस्क की पहचान और लेजर बनाना शामिल हैं। ये सभी फीचर 'बुककीपिंग से लेकर रिटर्न फाइलिंग' तक हर जरूरी सहयोग देते हुए इंटीग्रेटेड अनुभव प्रदान करते हैं।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल फिर सुर्खियों में आया, बीमार युवक तड़पता रहा, 'अनदेखी' से मौत !

एजेंसी




**कोलकाता।** कोलकाता का आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल फिर सुर्खियों में आ गया है। यहां नदिया जिले के बीमार युवक की समुचित इलाज के अभाव में मौत हो गई। परिवार 24 वर्षीय नंद विश्वास की मौत से सदमे में है।

पिता ज्योतिष विश्वास ने बताया कि नंद तीन दिनों से बुखार से जूझ रहा था। जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ, तो सोमवार को उसे कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां आने पर नंद को तत्काल कुछ इलाज मिला और उसकी हालत में थोड़ा सुधार भी हुआ। पिता का आरोप है कि मंगलवार से न तो कोई डॉक्टर उसे देखने आया और न ही कोई नर्स। सैलाइन तक देना बंद कर दिया गया, जबकि प्रिस्क्रिप्शन में सैलाइन लिखी गई थी।

उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह नंद की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। उसका पेशाब और मल त्याग भी रुक गया। मुंह से झाग निकलने लगा। वह डॉक्टरों के पास जाकर मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन कोई भी उनकी मदद के लिए नहीं आया। काफी मिन्नत के बाद एक डॉक्टर पहुंचा और नंद को सीपीआर (छाती पर दबाव) देने लगे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने बताया कि उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा।

नंद की मां ने भी दुखी मन से कहा, 'हम गरीब हैं, क्या हमारी जान की कोई कीमत नहीं है? मेरा बेटा बिना इलाज के मरा है, क्या इसका कोई इंसाफ मिलेगा?' इस घटना से पीड़ित परिवार में गहरा शोक और गुस्सा है। वह बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नंद के भाई का आरोप है कि जब उन्होंने डॉक्टरों से बार-बार गुहार लगाई, तो कहा गया कि अगर वे चाहते हैं तो किसी बड़े निजी अस्पताल में इलाज करवा लें।

उल्लेखनीय है कि यह दर्दनाक वाकया तब सामने आया है जब आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल चल रही है। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से वरिष्ठ डॉक्टरों पर अतिरिक्त काम का दबाव बढ़ गया है, हालांकि डॉक्टरों का दावा है कि अस्पताल में सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं।

राज्य सरकार ने कहा है कि इस हड़ताल के कारण अब तक लगभग सात लाख लोग चिकित्सा सेवा से वंचित हुए हैं और 29 लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है।

## राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान अलंकरण समारोह आज भोपाल में, देश-विदेश के लेखक होंगे सम्मानित

### कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि सुनाएंगे अपनी रचनाएं

एजेंसी




**भोपाल।** राज्य शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आज हिन्दी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान अलंकरण समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल के रवीन्द्र भवन स्थित अंजनी सभागार में आयोजित इस समारोह में हिन्दी भाषा के साहित्य सृजन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देश और दुनिया के प्रतिष्ठित लेखकों का सम्मान किया जाएगा।

संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में 2022 का राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान डिजिटल इंडिया भाषिनी संस्थान नई दिल्ली को और 2023 का अमकेश्वर मिश्रा भोपाल को प्रदान किया जाएगा। वहीं, 2022 का राष्ट्रीय निर्मल वर्मा सम्मान टोरंटो (कनाड़ा) की डॉ. हंसा दीप को एवं 2023 का पेंसिलवेनिया (अमेरिका) के डॉ. अनुराग शर्मा को दिया जाएगा।

इसी प्रकार, 2022 का राष्ट्रीय फादर कामिल बुल्के सम्मान श्रीलंका की अतिला कोतलावल को एवं 2023 का चेक गणराज्य के दागमार मारकोवा को, 2022 का राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान मुम्बई के डॉ.कृष्ण कुमार मिश्र को एवं 2023 का नई दिल्ली के देवेन्द्र मेवाड़ी को तथा 2022 का राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान पुणे के डॉ. दामोदर खड़से को और 2023 का राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान पटियाला के डॉ. मनमोहन सहगल को प्रदान किया जाएगा।

अलंकरण समारोह के बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के सुविख्यात कविगण अपनी-अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। कविगणों में डॉ. राहुल अवस्थी-बरेली, आशीष अनल-लखीमपुर खीरी, अनु सपन-भोपाल, सुदीप भोला-जबलपुर, अमन अक्षर-इन्दौर, श्वेता सिंह-बड़ोदरा, मनु वैशाली-नई दिल्ली, श्रद्धा शौर्य-नागपुर और रामकिशोर उपाध्याय-ग्वालियर सम्मिलित हैं। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## उत्तराखंड में जगह-जगह भूस्खलन

## महिला समेत तीन की मौत

एजेंसी

**देहरादून।** आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड में जगह-जगह हो रहा भूस्खलन जानलेवा होता जा रहा है। मलबा कब किस पर गिर जाए, किसी को नहीं पता होता। शनिवार को भूस्खलन के मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने मलबे से सभी शव निकालकर कर पुलिस के सुपुर्द किया है। घायलों को अस्पताल भेजा है। आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम पिथौरागढ़ से गढ़कोट में भूस्खलन से एक महिला के दबने की सूचना पर एसडीआरएफ टीम पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबी महिला देवकी देवी (75) पत्नी पूरन चंद्र उपाध्याय निवासी ग्राम गढ़कोट का शव बाहर निकाला। जनपद अल्मोड़ा के लमगड़ा के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर एसडीआरएफ टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। इनमें से तीन लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया था। जबकि दो लोग खाई में गिर गए थे। एसडीआरएफ टीम ने खाई में उतरकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शव को बाहर निकाला और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हालांकि इनकी पहचान नहीं हो पाई है।नैनीताल जिला नियंत्रण कक्ष से झुतिया गांव रामगढ़ के पास कुछ लोगों के नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण फंसने की सूचना एसडीआरएफ को मिली। एसआई संतोष परिहार के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर वहां फंसे पांच परिवार के 19 लोगों को सुरक्षित निकाल सनराइज पब्लिक स्कूल तल्ला रामगढ़ में सकुशल पहुंचाया। अल्मोड़ा जिला नियंत्रण कक्ष से एसडीआरएफ को सूचना मिली कि पनार के पास नदी में दो व्यक्ति फंसे हुए हैं। अपर उप निरीक्षक रवि रावत के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और दोनों व्यक्तियों को सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गंगोत्री राजमार्ग पर पेड़ गिरने से मार्ग बाधित हो गया। उत्तरकाशी जिला नियंत्रण कक्ष की सूचना पर एसडीआरएफ टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई और उक्त पेड़ को किनारे हटाकर यातायात सुचारू किया।

## मणिपुर में रॉकेट, बम लांचर विस्फोट सामग्री बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादियों के विरुद्ध सुरक्षा वालों का अभियान जारी है। इस अभियान के दौरान भारी मात्रा में रॉकेट, बम लांचर तथा विस्फोटक सामग्री आदि बरामद हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय से 20 सितंबर तक मामलों की जांच का प्रतिवेदन मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है। इसके बाद गृह मंत्रालय मणिपुर को लेकर कोई बड़ा फैसला कर सकता है।

मणिपुर पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान चल रहा है। इस अभियान के दौरान चुराचांदपुर जिले के शेजांग से एक 7.5 फीट का रॉकेट, एक मॉडिफाइड एम-16 राइफल, एक बड़े आकार का देशी मोर्टार, एक मध्यम आकार का देशी मोर्टार, तीन मध्यम आकार के बम लांचर, चार बम लांचर, तीन बम देशी मोर्टार बरामद किए गए।

## जालौन में खतरे के निशान के पार पहुंचा नदी का पानी

# गांवों में बाढ़ जैसे हालात

एजेंसी



**जालौन।** जनपद में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद गांवों के हालात बेहद खराब हो गए हैं। एक दर्जन से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। ग्रामीण और निचले इलाकों में मकानों से लेकर लोगों की गृहस्थी पानी में डूब चुकी है। वहीं, प्रशासन ने बचाव कार्य के लिए लगातार टीमों को एक्टिव किया हुआ है और स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं। राहत शिविरों में लोगों को पहुंचाया जा रहा है। राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 48 घंटे हुई बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसका प्रकोप साफतौर पर देखा जा सकता है। गांवों में बने रपटों के ऊपर से पानी बहने से हजारों ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। मुहाना में बेतवा का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचने के बाद घटने से लोगों ने राहत की सांस ली। जिससे बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। बेतवा का जलस्तर एक दिन पूर्व चार बजे तक 119 मीटर पहुंच गया था। जबकि खतरे का निशान 122 मीटर पर है। कोंच क्षेत्र के आठ गांव, माधौगढ़ क्षेत्र के तीन गांव, रामपुरा क्षेत्र के 20 गांव व कालपी क्षेत्र के 36 गांव बाढ़ प्रभावित हैं। कदौरा क्षेत्र में जलभराव की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। महावीरपुरा में रपटा के ऊपर से पानी बह रहा है। जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह से ठप है। वहीं, तहसील क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा से निकली नून नदी से गांव का रपटा पूरी तरह डूब गया। पानी गांव की ओर बढ़ने लगा। रपटा डूबने से गांव का आवागमन भी ठप है। वहीं, पिया निरंजनपुर में भी चार दिन से रपटे के ऊपर से पानी बह रहा है। ग्रामीण कई किमी दूर से आवागमन कर रहे हैं।

## गाजियाबाद में जूस में मानव मूत्र मिलाकर पिलाने वाला जूस कॉर्नर संचालक व उसका नौकर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंसान मानसिक रूप से कितना अंधा हो गया है इसकी कोई सीमा नहीं बची है। थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें पुलिस ने एक ऐसे जूस कॉर्नर संचालक व उसके नाबालिग नौकर को गिरफ्तार किया है जो लोगों को जूस में मानव मूत्र मिलाकर पिलाता है। इस हरकत को देखकर सभी हैरान है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर पर सूचना प्राप्त हुई कि खुशी जूस कॉर्नर के संचालकों द्वारा जूस में मानव मूत्र मिलाया जाता है। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर छानबीन की गई तो दुकान से एक कैन से करीब एक लीटर मानव मूत्र प्राप्त हुआ। जूस संचालक व मौके से पकड़े गए एक नाबालिग नौकर को पकड़ते हुए पूछताछ की गई। दोनों ने पूछताछ में कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया। पुलिस ने तत्काल आमिर व उसके बाल अपचारी साथी को गिरफ्तार किया गया है।

# मुरादाबाद के ककहरे ने सिखाई थी देशभर के लोगों को हिंदी

**मुरादाबाद।** देशभर के लोगों को हिंदी मुरादाबाद के ककहरे ने सिखाई थी। वर्ष 1915 में मुरादाबाद के मास्टर रामकुमार द्वारा मात्र एक पैसे से प्रकाशित हिंदी सचित्र प्राइमर (रामकुमार का कायदा) की लोकप्रियता इस कद्र थी कि देश में करीब 18 करोड़ प्रतियां बिकी हैं। हालांकि वक्त के साथ घटते रुझान की वजह से पुस्तक का प्रकाशन वर्ष 1997 में बंद हो गया।

मंडी बास के जीलाल मोहल्ला निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मास्टर रामकुमार ने अमरोहा गेट पर अपनी दस फीट चैड़ी और 20 फीट लंबी दुकान में लेटर प्रेस पर 24 पृष्ठों की काले पन्नों वाली इस किताब का प्रकाशन एक पैसे की कीमत में शुरू किया था। बाद में पुस्तक को ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस रामकुमार प्रेस एंड एलाइड इंडस्ट्रीज पर प्रकाशित किया जाता था। वर्ष 1997 में पुस्तक की कीमत डेढ़ रुपये थी। बेहद सरल ढंग से हिंदी के अक्षरों, मात्राओं का ज्ञान कराने और सबसे ज्यादा सस्ती होने के कारण देशभर से इसकी मांग आती थी।

### मात्र एक पैसे से प्रकाशित हुआ था रामकुमार का कायदा




**मास्टर रामकुमार खुद उर्दू भाषा से पढ़े थे और फारसी भाषा के जानकार थे :** मुरादाबाद के वरिष्ठ साहित्यकार डा. मनोज रस्तोगी ने बताया कि मास्टर रामकुमार खुद उर्दू भाषा से पढ़े थे और फारसी भाषा के जानकार थे, लेकिन हिंदी का प्रचार-प्रसार और लोगों को अक्षर ज्ञान कराने के लिए पुस्तक का प्रकाशन किया था। उनके पिता का नौ सितंबर वर्ष 1962 को निधन हो गया था। परिवार में तीन पुत्र वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार (दोनों स्वर्गवासी) और महेंद्र कुमार हैं। उनके एक पोते की प्रिंटिंग प्रेस थी, जबकि दो पोते आशेंद्र कुमार सक्सेना अधिवक्ता और डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ व कोठीवाल डेंटल कॉलेज के प्राचार्य हैं।

**दिल्ली, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब व अन्य प्रदेशों में होती थी किताब की आपूर्ति :** मुरादाबाद के वरिष्ठ साहित्यकार डा. मनोज रस्तोगी ने बताया कि भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार में काले-काले पन्नों वाली इस पतली सी पुस्तिका का योगदान हिंदी प्रसार को समर्पित किसी भी व्यक्ति या संस्था की तुलना में सबसे ज्यादा है। स्कूलों में भी पुस्तक पढ़ाई जाने लगी। जब किताब की आपूर्ति में परेशानी होने लगी तो बहुत से प्रकाशकों ने इस पुस्तक की हू-ब-हू नकल कर पुस्तकें प्रकाशित करना शुरू कर दिया था। दिल्ली, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब व अन्य प्रदेशों में किताब की आपूर्ति होती थी।

**लेकिन एक अभ्यर्थी ने लिखा कि मास्टर रामकुमार का कायदा :** वर्ष 1951 में मुरादाबाद नगर में सब इंस्पेक्टर की परीक्षा थी। प्रतियोगियों से एक प्रश्न पूछा कि मुरादाबाद की सबसे प्रसिद्ध चीज क्या है। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने कलई के बर्तन बताया, लेकिन एक अभ्यर्थी ने लिखा कि मास्टर रामकुमार का कायदा। इस जवाब से परीक्षक भी चकरा गया और जब उसने खोज शुरू की तो यह जवाब बिल्कुल सही मिला।

# आस्था, संस्कृति और प्रकृति के संगम का जीवंत उत्सव है करम पर्व : शिल्पी नेहा तिर्की

## सरना समिति चान्हो के तत्वावधान में करम पूर्व संध्या का आयोजन








मेट्रो रेज

**चान्हो:** मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड के जनजातीय समाज द्वारा अपनी प्राकृतिक संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों के साथ जुड़े रहने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह समाज न केवल अपने जीवन को दिशा दे रहा है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि किस प्रकार सदियों पुराने रीति-रिवाजों और मान्यताओं को अपनाकर जीवन का निर्माण किया जा सकता है।

शिल्पी नेहा तिर्की ने उक्त बातें सरना समिति चान्हो के तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या कार्यक्रम के दौरान कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्साह और उल्लास के वातावरण में ग्रामीण भाई-बहन प्रकृति का सम्मान करते हुए, स्वयं को उसका अभिन्न हिस्सा मानकर जीवन का आनंद ले सकते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न गाँवों के 49 खोड़हा दलों ने भाग लिया और पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन किया। सभी दलों को सरना समिति की ओर से एक-एक मांदर देकर सम्मानित किया गया, जो कि इस सांस्कृतिक आयोजन की महत्ता को दशार्ता है।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव उरांव, एतवा उरांव, चरवा उरांव, महादेव उरांव सहित कई अन्य प्रमुख लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाई- बहन के प्यार का त्योहार करम पर्व

**भाई –** बहन के रिश्ते में प्यार बढ़ाने का त्योहार है करम पर्व। इस दिन लोग विशेष रूप से पूजा अर्चना करके पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाने की कोशिश करते हैं। करमा और धर्मा इस त्योहार के प्रमुख देवता हैं ।इस दिन उनके प्रति श्रद्धा और आस्था प्रकट की जाती है

**करमा पूजा की सुबह आई है**
**भाई – बहन का प्यार जगाने लाई है**
**स्नेह के रंगों से सजावट करो**
**दुआओं के साथ खुशियां लुटाओ।**

कर्म पूजा भारत त्योहारों में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो मुख्य रूप से झारखंड ,बिहार, असम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ,पश्चिम बंगाल और कुछ राज्यों में मनाया जाता है।



## यदि उचित लगे तो डॉक्टर निस्वार्थ निशुल्क भाव से करे मानव सेवा : गुरमुख सिंह



**चाईबासा** के डॉक्टरों से गुरमुख सिंह खोखर ने अनुरोध किया है की यदि उचित लगे तो मानव हित में स्वीकार कीजिए,सप्ताह में किसी भी एक दिन में अपने ज्ञान का एक या दो घंटे का समय निस्वार्थ निशुल्क मानव सेवा में दीजिए। इसके लिए स्थान एवं अन्य सुविधाएं जो आपके परामर्श व उपचार के लिए जरूरत होंगी। वह गुरुद्वारा नानक दरबार में श्री गुरु सिंह सभा उपलब्ध कराएगी। अपने माता जी, पिता जी के नाम पर सप्ताह में एक दो घंटे नि शुल्क परामर्श व उपचार आरम्भ कर, आत्मिक खुशियाँ प्राप्त कीजिए।लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज तथा समाजसेवी एवं अपने वाहन विंटेज कार के कारण, पूरे झारखंड के साथ गुरमुख सिंह खोखर में चिकित्सा जगत और जनहित में चिकित्सकों से यह विनम्र और मार्मिक अपील की है, जो निश्चित तौर पर एक अनोखा पहल और अनुकरणीय प्रसंग है, गुरमुख सिंह खोखर के इस पहल को सफल बनाये। चिकित्सक भगवान के दर्जे में शामिल हैं। उनका व्यवहार, चिकित्सा और उपलब्ध्धि अपने आप में गौरवपूर्ण है।




## कोलेबिरा पंचायत में सिमडेगा पुलिस ने किया जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**कोलेबिरा :** पंचायत भवन में सिमडेगा पुलिस द्वारा जन सुनवाई समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां स्वयं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोलेबिरा के थाना प्रभारी के साथ मिलकर जनता की शिकायतों को सुना गया व उनसे आवेदन प्राप्त करते हुए पावती रसीद भी दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवदेन पर तुरंत कार्रवाई का भरोसा देते हुए थाना प्रभारी को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया।

# शहीद हेरमन राष्कर्ट उच्च विद्यालय कुटुंगिया का 58वां विद्यालय दिवस मनाया गया



मेट्रो रेज

**कोलेबिरा:** विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा

कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया में शहीद फादर हेरमन राष्कर्ट विद्यालय में विद्यालय दिवस मनाया गया। जिसमें कोलेबिरा विधायक के निर्देश पर जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम रावेल लकड़ा एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा शहीद फादर हेरमन रास्कर्ट की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया।सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा नाच गान के साथ किया गया।तत्पश्चात विद्यालय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा कई मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।जिसको देखकर उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए।मुख्य अतिथि रावेल लकड़ा ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन शहीद फादर हेरमन राष्कर्ट जी का जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय दिवस मनाया जाता है।सभी लोगों को शहीद फादर हेरमन रास्कर्ट के जन्मदिन की ढेरों बधाई।

आज हम सभी लोग विद्यालय दिवस मनाने के क्रम में शहीद फादर को याद कर रहे हैं।उनके बलिदान को स्मरण कर रहे हैं। किस तरह से फादर ने आपसी भाईचारा को बढ़ाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।शहीद फादर हेरमन रास्कर्ट ने जब 1964 दंगों के दौराण दंगों को रोकने के लिए लोगों को शांत होने की अपील की परंतु उन्मादी भीड़ ने उनकी एक ना सुनी और उनको भी मौत के घाट उतार दिया। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपनी जान दे दी। उस समय के राष्ट्रपति डॉ एस राधाकृष्णन ने उस समय कहा था कि उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं है।भारत देश हमेशा उनके बलिदान को याद रखेगा। उस समय के प्रधानमंत्री ने कहा था कि फादर हेरमन रास्कर्ट ने भाईचारा और शांति के लिए अपनी जान की कुबार्नी दी।हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।हमें भी फादर हेरमन रास्कर्ट के जीवन से प्रेरणा लेनी है और उनके मूल्यों को अपने जीवन में उतार कर आगे बढ़ना है।इस देश की शांति और खुशहाली को बढ़ाने के लिए हमे आपसी भाईचारा बढ़ाना होगा।

जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने शिक्षा कर महत्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत वर्णन किया और कहा कि आज शिक्षा का महत्व हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण है।बिना शिक्षा के जीवन के किसी भी छेत्र में सफल नहीं हो सकते हैं। इसीलिए आप सभी शिक्षा प्राप्त कर उन्नति के शिखर पर पहुंचे और राज्य और देश का नाम ऊंचा करें।अभी बीते मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय के बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी शिक्षक को बधाई तथा शुभकामना भी दी एवं इसी तरह आगे मेहनत करने की बात कही।

मौके पर जलडेगा भिखरियेत के डीन फादर जेवियर टोपनो,विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टोप्पो, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर खान, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, मंडल अध्यक्ष सुनील सुरीन, मंडल अध्यक्ष अनिल डांग सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

